

तोमन साहू राज्य प्रबंध समिति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पद पर निर्वाचित

दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com



-: सुविचार :-

कुछ दूरी चलना ही तो है लक्ष्य तक पहुंचना ही तो है रास्ते में मुश्किलें भी हैं पर साथ में हिम्मत भी तो हैं।

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 305 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, गुरुवार 21 नवंबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


# एग्जिट पोल के आंकड़ों ने चौंकाया, महाराष्ट्र में एनडीए को पूर्ण बहुमत

**मुंबई/रांची।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों का फैसला अब ईवीएम में बंद है। महाराष्ट्र में 288 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ, जबकि झारखंड में 81 सीटों पर दो चरणों में वोट डाले गए।

अब सभी की निगाहें 20 नवंबर को आने वाले एग्जिट पोल के नतीजों पर टिकी हैं, जो यह संकेत देंगे कि इन दोनों राज्यों में किसके पक्ष में पलड़ा भारी पड़ेगा।

### महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच टक्क र

*महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत पवार गुट) के महायुति गठबंधन ने महाविकास अघाड़ी (आईएनडीआईए) के खिलाफ अपनी ताकत लगाई है, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार गुट) शामिल हैं। दोनों ही गठबंधन एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव में जोरदार प्रचार अभियान चलाया।*




### झारखंड में आईएनडीआईए और एनडीए के बीच संघर्ष

*झारखंड में भी आईएनडीआईए और एनडीए के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। आईएनडीआईए में जेएमएम, कांग्रेस और राजद साथ हैं, जबकि एनडीए में भाजपा, आजसू, जेडीयू और लोजपा शामिल हैं। चुनावी परिणाम दोनों राज्यों में सत्ता के समीकरण को पूरी तरह से बदल सकते हैं।*

# ईवीएम में कैद हुआ 90 प्रत्याशियों का भविष्य

## 23 को होगा किस्मत का फैसला




**लखनऊ।** यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर वोटिंग जारी है. सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान खत्म हो चुका है. इन सभी सीटों पर कुल 90 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 11 महिला प्रत्याशी हैं. जिनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है. अब 23 नवंबर को फैसला होगा कि जनता ने किसे अपना अशीर्वाद दिया और किसे नकार दिया.

यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर कुल 3718 पोलिंग बूथ बनाए गए है. इन नौ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 34,35,974 मतदाता हैं, जिनमें 18,46,846 पुरुष, 15,88,967 महिलाएं और 161 थर्ड जेंडर मतदाता हैं. सभी सीटों पर कुल 90 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 11 महिला प्रत्याशी हैं. सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं. वहीं सबसे कम पांच-पांच उम्मीदवार खैर और सीसामऊ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.


### खैर में 5 बजे तक 46.55%

**गाजियाबाद में 5 बजे तक** 33.30%
**सीसामऊ में 5 बजे तक** 49.03%
**मझवां में 5 बजे तक** 50.41%
**कटेहरी में 5 बजे तक** 56.69%
**करहल में 5 बजे तक** 53.89%
**मीरापुर में 5 बजे तक** 57.02%
**कुंदरकी में 5 बजे तक** 55%
**फूलपुर में 5 बजे तक** 43.43%
**कुल 90 प्रत्याशी चुनावी मैदान में**

# रायपुर एयरपोर्ट से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ान जल्द

### झारखंड और बिहार के लिए भी मिलेगी हवाई सुविधा, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने दी हरी झंडी



भास्कर दूत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाक़ात की. बैठक में राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने और क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास के संबंध में चर्चा की गई. केंद्रीय मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है. इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब विकसित करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी एवं रायपुर एयरपोर्ट से पटना एवं रांची के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है. मुख्यमंत्री साय ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने की मांग की. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा की बड़ी संभावनाएं हैं. इस कदम से राज्य के आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और वैश्विक स्तर पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी. मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ानों की आवश्यकता पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर यात्री ट्रैफिक काफी अच्छा है, जिससे ये सेवाएं व्यावसायिक रूप से लाभकारी साबित होंगी. केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है. मुख्यमंत्री साय ने राज्य में वर्तमान में कोई बड़ा कार्गो सुविधा केंद्र नहीं होने की जानकारी देते हुए रायपुर के एयरपोर्ट को एक केंद्रीय कार्गो हब में विकसित करने का प्रस्ताव दिया।

G20 समिट में PM मोदी

# वैश्विक नेताओं से मिले, बोले- भूख और गरीबी मिटाने का हल मिलकर ढूंढना होगा

**रियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल G20 समिट में शामिल होने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में है। समिट के पहले दिन सोमवार(18 नवंबर) की रात पीएम मोदी ने समिट को संबोधित किया। पीएम मोदी ने भूख, गरीबी और वैश्विक खाद्य संकट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत ने 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और 55 करोड़ लोगों को हेल्थ बीमा जैसी सुविधाएं दे रहा है। इसके साथ ही मलावी, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों को खाद्य मदद पहुंचाई गई। पीएम मोदी ने G20 समिट के पहले सेशन में कहा- 'दुनिया में चल रही जंग से खाने का संकट गहरा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर गरीब देशों पर पड़ रहा है। हमें मिलकर इस समस्या का हल निकालना होगा।' PM मोदी ने कहा- 'बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।हमने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और 55 करोड़ लोगों को मुफ्त हेल्थ बीमा का लाभ दिया। किसानों को 20 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की गई है।' प्रधानमंत्री ने इस दौरान वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भारत के योगदान का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा- 'मलावी, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों को हमने खाद्य मदद पहुंचाई है। हमारा लक्ष्य भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक एकजुटता को मजबूत करना है।'




# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द भारत के दौरे पर आएंगे

### तारीख तय करने में जुटे अधिकारी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द भारत की यात्रा पर आएंगे। यह बात क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने कही है। उन्होंने कहा कि दौरे को लेकर हम तारीखों तय कर रहे हैं। कहा जा रहा है इसी साल के अंत तक यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी भारत आ सकते हैं। ऐसे में भारत, रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते पर अहम भूमिका निभा सकता है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद ही कह चुके हैं कि हम इस मुद्दे पर भारत, चीन और ब्राजील के संपर्क में हैं।



# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले सीएम

### विष्णुदेव साय ने कहा - हमारी सरकार 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने की दिशा में कर रही काम



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. बैठक में राज्य के विकास, सुरक्षा एवं अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई. सीएम साय ने कहा,अभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें छत्तीसगढ़ में चल रही नक्सली गतिविधियों से अवगत कराया. उनके मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार में हम तेजी से नक्सलवाद से लड़ रहे हैं. हमारी सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है।

रायपुर में होगी सीडी कांड की सुनवाई

# राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर साधा निशाना

### तो विकास उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर लगाया केस को पेचिदा करने का आरोप

भास्कर दूत

**रायपुर।** कथित सेक्स सीडी कांड में सीबीआई के सुप्रीम कोर्ट में दीगर राज्य में सुनवाई करने के आवेदन को वापस लेने के साथ राज्य में सुनवाई होने का रास्ता खुल गया है. इस पर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि डर के कारण सीबीआई को प्रतिबंधित किया था. पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले सीबीआई को प्रतिबंधित किया था. मामले में चालान पेश होने वाला था, उससे पहले प्रतिबंध लगाया गया था. हमने कोर्ट में आवेदन दिया था, जिसके बाद यहां पर सुनवाई होगी.




वहीं मामले में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गोलमोल करके इस पूरे प्रकरण को पेचीदा किया है. आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होगी. क्या-क्या कारण हैं, स्पष्ट होगा. किस प्रकार से केस वापस किया गया है, यह भी स्पष्ट हो जाएगा. बता दें कि सीबीआई ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर सेक्स सीडी कांड की सुनवाई दीगर राज्य में करने का आवेदन वापस ले लिया था. सीडी कांड 27 अक्टूबर 2017 को उजागर हुआ था. तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया था. इस प्रकरण में चालान पेश हो चुका है, लेकिन आगे की सुनवाई कानूनी अड़चनों के कारण नहीं हो पा रही है. इस मामले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता विनोद वर्मा को गिरफ्तार भी किया था. मामले में विनोद वर्मा के नोएडा स्थित निवास पर भी छापेमारी की थी. यही नहीं वो करीब तीन महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटे थे. इस मामले में सीबीआई ने करीब 2 सौ लोगों को गवाह बनाया है.

सीजीपीएससी घोटाला

# रसूखदारों के बीच खलबली सीबीआई बढ़ाएगी जांच का दायरा

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) भर्ती घोटाले में सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) ने पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग इस्पात के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद रसूखदारों के बीच खलबली मच गई है। संकेत मिल रहे हैं कि जांच का दायरा बढ़ने पर सीबीआई जल्द ही एक आईपीएस और एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को भी हिरासत में ले सकती है।

### सीबीआई जांच: भाजपा की जनहित याचिका से शुरू हुआ मामला

सीजीपीएससी 2021-22 भर्ती में गड़बड़ियों का मामला तब प्रकाश में आया, जब पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता ननकी राम कंवर ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पीएससी और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई थी।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ की युवाओं को न्याय दिलाने और घोटाले की सीबीआई जांच कराने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस वादे को पूरा करते हुए राज्य में प्रतिबंधित सीबीआई को इस घोटाले की जांच का जिम्मा सौंपा।

### जांच के पहले चरण में दो गिरफ्तार, और नाम आने की संभावना

सीबीआई ने अपनी शुरुआती जांच में पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और उद्योगपति बजरंग गोयल को गिरफ्तार किया है। अब चर्चा है कि जल्द ही एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पुलिस अफसर को भी गिरफ्त में लिया जा सकता है।

सीबीआई की जांच की तेजी ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में कुछ और चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं।

### हाई कोर्ट की फटकार और गड़बड़ियों की पुष्टि

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अगर याचिका में लगाए गए आरोप और प्रस्तुत सूची सही हैं, तो यह गंभीर मामला है। कोर्ट ने संकेत दिए थे कि अफसरों के बच्चों के चयन में गड़बड़ी हुई है।

### पहली परीक्षा की जितनी चर्चा,उससे भी इस मामले की हो रही

*छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के गठन और उसके बाद अब तक जितनी भी परीक्षाएं सीजीपीएससी ने आयोजित की अमूमन सभी विवादों के घेरे में रहा है। सभी परीक्षाओं के बाद भर्ती का मामला हाई कोर्ट पहुंचा। सबसे ज्यादा चर्चित वर्ष 2003 में आयोजित पहली परीक्षा रही। मौजूदा दौर में वर्ष 2021-22 में आयोजित परीक्षा में तो भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों की सीमाएं ही लांघ दी है। छत्तीसगढ़ के युवाओं का भरोसा ही सीजीपीएससी के अफसरों ने तोड़ दिया है।*




# कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर सीपीआर मिलने से बढ़ जाती है मरीज के जीवित रहने की संभावना : डॉ. प्रतिभा जैन शाह

भास्कर दूत



**रायपुर।** कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) नहीं मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। कार्डियक अरेस्ट के केस में यह देखने को मिला है कि सही समय पर सीपीआर मिलने से व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

वहीं सही समय पर सीपीआर नहीं मिलने पर हर एक मिनट में मृत होने की संभावना बढ़ती जाती है और लगभग 6 से 8 मिनट में मरीज की पूर्णत: मस्तिष्क क्षति हो जाती है जिसे मेडिकल भाषा में हाइपोक्सिक ब्रेन डैमेज कहते हैं। यह स्थिति तब निर्मित होती है जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है।%% यह जानकारी बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने प्रतिभागी चिकित्सा छात्रों को दी।

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आज शनिवार को हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन एवं पेसिंग की प्रैक्टिस करवाई गई।

पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह एवं इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल हैं। इनके साथ ही बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर की डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी शाह, गुजरात के डॉ. जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर की डॉ. भारती गिंडलानी ने छात्रों को बीएलएस एवं एसीएलएस कोर्स का प्रशिक्षण दिया। आपात स्थितियों में लोगों की जीवन रक्षा करने के लिए आयोजित इस कार्यशाला की सराहना करते हुए अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट कहीं भी, किसी भी जगह हो सकता है ऐसे में बेसिक लाइफ सपोर्ट कोर्स से प्राप्त प्रशिक्षण की मदद से हम लोगों का बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं।

यह कोर्स हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में बिना घबराये नाड़ी और श्वसन गति का परीक्षण करके हम व्यक्ति की जान बचा सकते हैं।

इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल ने हाई क्वालिटी सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि, 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद दो बार ब्रेथ देना होता है। सीपीआर कोई भी कर सकता है इसके लिए डॉक्टर या मेडिकल टीम होना जरूरी नहीं है। आजकल स्कूल-कॉलेज में भी बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जाती है। लोगों की अधिक से अधिक जीवन रक्षा के लिए इस प्रशिक्षण पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है और ऐसे प्रोग्राम को सपोर्ट करने की जरूरत भी है।

विशेषज्ञों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत छात्रों को चेस्ट कंप्रेशन (जीवन रक्षा के लिए छाती पर दबाव डालने की विधि की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और मैनकिन (डमी) में बारी-बारी से सबको अभ्यास करवाया। एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में पढ़ाते हुए विशेषज्ञ डॉ. जनक खम्बोल्झा ने कार्डियक अरेस्ट के पहले मरीज में होने वाले साइन और सिम्पटंम्स के बारे में पढ़ाया। उन्होंने कार्डियक अरेस्ट को रोकने के उपाय बताये। मरीज को कब, कितने एनर्जी से शॉक देना है और हार्ट रेट एवं रिदम को नॉर्मल लाने की प्रैक्टिस करवायी गई। सभी छात्रों को ग्रुप में बांट कर, बारी-बारी सबको टीम लीडर बनाकर रियल टाइम केस सिनेरियो देकर प्रैक्टिस करवाई गई।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव

# मतगणना के लिए कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

भास्कर दूत




**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत 23 नवंबर को रायपुर जिले के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होगी। इसी परिपेक्ष्य में आज मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस के सभाकक्ष में मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जहां रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा नोडल, पोस्टल बैलेट नोडल, टेबुलेशन नोडल ,मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कर्मियों को मतगणना में बरते जाने वाले सावधानियों और हर पहलुओं के बारिकियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण स्थल पर मतगणना हॉल का मॉडल बनाया गया। जहां पर सभी मतगणना दल ने मॉडल का अवलोकन कराया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि, सभी कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और बेहतर स्कील के साथ कार्य करें। सभी कर्मी मतगणना कार्य के दौरान व्यवहार सहज रखें। डॉ. सिंह ने कहा कि टीम निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि हर राउण्ड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य संवेदनशील है और बहुत ही सावधानीपूर्वक इस कार्य का क्रियान्वित करें।

संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी पी. एस. ध्रुव ने कहा कि, सभी कर्मचारी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें साथ ही मतगणना का कार्य कुशलतापूर्वक किया जाएं। प्रशिक्षण की बारिकियों को समझा जाए और उसी के अनुरूप कार्य किया जाएं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, रिटर्निंग आफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अब सिर्फ CT स्कैन से ही पकड़ में आ जाएगा लीवर कैंसर

# नहीं करवाने होंगे लंबे-चौड़े टेस्ट, स्कूली बच्चों ने बनाया मॉडल

भास्कर दूत

अब आसानी से डिटेक्ट हो जाएगा लीवर कैंसर



**रायपुर।** भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. अगर मन में लगन हो और कुछ करने का जूनून हो, तो बिना किसी महंगी ट्रेनिंग के भी ऐसे मॉडल डेवलप किये जा सकते हैं, जिसे बनाने में कई एक्सपर्ट्स को सालों लग जाते हैं. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दो स्कूली बच्चों ने एक ऐसा मॉडल बनाया है जिसकी चर्चा दूर-दूर तक हो रही है.

रायपुर के आर के सारडा विद्या मंदिर के स्टूडेंट्स आरव जैन और जय जादवानी ने लीवर कैंसर को डिटेक्ट करने और इसे जड़ से खत्म करने के लिए मॉडल तैयार किया है. उनके इस मॉडल के जरिये सिर्फ सीटी स्कैन से ही लीवर कैंसर को पकड़ लिया जा सकता है. इस प्रक्रिया के जरिये काफी सटीक तौर पर कैंसर की पहचान की जा सकेगी. अभी इसकी प्रक्रिया काफी लंबी है और इसमें काफी पैसे खर्च होते हैं. लेकिन इस मॉडल के जरिये बेहद आसानी से ऐसा किया जा सकेगा.

## डॉक्टर्स और एक्सपर्ट्स ने भी किया अप्रूव

अपने प्रॉजेक्ट के लिए बनाए गए इस मॉडल को दोनों स्टूडेंट्स ने सात डॉक्टर्स और दो कंप्यूटर साइंस एक्सपर्ट्स से अप्रूव भी करवाया है. इस मॉडल में सीटी स्कैन की इमेज को डालते ही कैंसर डिटेक्ट किया जा सकेगा. साथ ही उसकी लोकेशन का भी पता चल जाएगा. अपने मॉडल की डिटेल देते हुए दोनों स्टूडेंट्स ने बताया कि इसके अगले चरण में वो ऐसे नैनो बोट पर काम कर रहे हैं, जिससे कैंसर सेल्स खत्म हो जाएंगे. नैनो रोबोट कैंसर सेल तक पहुंचेंगे और वहां मेकेनिकल डिस्ट्रक्शन करेंगे, इससे ये सेल्स फट जाएंगे. इस प्रक्रिया में बिना किसी साइड इफेक्ट के शख्स कैंसर से निजात पा जाएगा.

## गौरान्वित हुए पेरेंट्स

स्कूली बच्चों के इस मॉडल ने सभी को अचंभित कर दिया है. अगर इस मॉडल को फाइनल अप्रूवल मिल जाता है तो ये मेडिकल जगत में क्रांति ले आएगा. अभी इस मॉडल के लिए वर्च्युअल एन्वॉयरन्मेंट तैयार कर इसकी टेस्टिंग की जा रही है. दोनों छात्रों ने आईआईटी गुवाहाटी में अपने मॉडल को पेश किया था. आरव जैन (पिता- अभय जैन, माता- आरजू जैन) और जय जादवानी (पिता- हितेश जादवानी, माता- नताशा जादवानी) के इस मॉडल ने पूरे राज्य को गौरान्वित किया है. उम्मीद है कि उनके इस मॉडल से नई क्रान्ति लिखी जाएगी.

सीएम साय दिल्ली के लिए हुए रवाना

# भरतमंडपम में छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

भास्कर दूत

**रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय आज बुधवार को दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली के भरतमंडपम में छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले सीएम साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को अच्छी सफलता मिल रही है।**



दोनों जगह भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने बताया कि शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक एम्फी थियेटर-1 भरतमंडपम में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 21 नवंबर को दोपहर 1.45 बजे नियमित विमान से रायपुर लौट आएंगे।

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय मेले में छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार और प्रदर्शन के लिए कुल 11 स्टाल लगाए गए हैं, जहां विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की अवधारणा पर छत्तीसगढ़ के ग्रामोद्योग, सेल्फ हेल्प ग्रुप, हाथकरघा, हस्तशिल्प, हर्बल एवं कृषि विभाग के प्रदर्शन स्टाल लगे हैं। 20 नवंबर को यहां छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य की समृद्ध संस्कृति एवं लोककला का प्रदर्शन होगा। यहां प्रत्येक दिन हर एक राज्य का दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सार समाचार

# रायपुर के गुढ़ियारी में 22 साल की विवाहिता से गैंगरेप..

वारदात को अंजाम देकर दोनों दुष्कर्मी फरार, पुलिस ने शुरू की जांच..




**रायपुर।** राजधानी में आपराधिक घटनाये थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार हो रही चाकूबाजी और हत्या की घटनाओं के बाद आम लोगों में खुद की सुरक्षा को लेकर दशहत का माहौल है। 24 घंटे पहले विधानसभा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते दो लोगों की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी वही एक नया मामला विवाहित से गैंगरेप का प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक़ गुढ़ियारी थाना इलाके में एक विवाहिता ने पुलिस के सामने खुद के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का दावा किया है। वही इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले दो युवक बिज्जू मरकाम और बिहारी फरार बताये जा रहे है। इनमें एक महिला का रिश्तेदार जबकि दूसरा उसका दोस्त बताया जा रहा है। फ़िलहाल पुलिस महिला के बयान के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

रायपुर में फिर मर्डर की वारदात..

# विनायक सोसाइटी में युवक की बेरहमी से हत्या, पुरानी बस्ती इलाके में इस बात पर बहा खून




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कल सोमवार को जहां आमासिवनी इलाके में दो लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी तो वही आज मंगलवार रात हत्या का एक नया मामला सामने आया है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के विनायक सोसायटी में एक शख्स को गला दबाकर और फिर फावड़ा मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है। बताया जा रहा है कि यहां नोहर दास मानिकपुरी और संतोष कुमार साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद में नोहर दास ने संतोष कुमार की हत्या कर दी। सूचना के बाद पुरानी बस्ती पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और हत्या के आरोपी को हिरासत में ले लिया। वही पुलिस ने शव को भी बरामद कर अस्पताल रवाना कर दिया है। एएसपी, सीएसपी स्तर के अधिकारी आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रहे है।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

किसानों से व्यवस्थाओं की ली जानकारी

भास्कर दूत



**रायपुर** । कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज आरंग ब्लॉक के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने खरीदी केंद्रों में मिलने वाले व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जताई। साथ ही कलेक्टर ने केंद्र में आए नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच की। कलेक्टर ने इलेक्ट्रॉनिक तौल और बायोमैट्रिक सिस्टम का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने मंदिरहसौद, नगपुरा और पचेडा सोसायटियों का दौरा कर वहां किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और धान खरीदी प्रक्रिया की स्थिति को अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से किया जाएं। उन्होंने बताया कि किसानों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी की सुविधा दी जा रही है, और केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही कलेक्टर ने किसानों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र से धान की नमी जांची। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा निर्धारित की गई है कि 17 प्रतिशत से अधिक नमी न हो। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीसीसीबी सीईओ श्रीमती अपेक्षा व्यास, खाद्य नियंत्रक श्री भूपेंद्र मिश्रा, कृषि उपसंचालक श्री के.के. कश्यप, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री नकुल चंद्रवंशी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है।

**इलेक्ट्रॉनिक तौल सहित बायोमैट्रिक सिस्टम का किया अवलोकन**





# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विकास कार्यों की समीक्षा की

भास्कर दूत

**रायपुर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज बीजापुर जिला मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने बस्तर संभाग के नारायणपुर, सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित बीजापुर जिले में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।**




श्री साव ने बैठक में अंदरूनी इलाकों में सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में अनावश्यक लेट-लतीफी करने वाले और गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने वाले ठेकेदारों के कार्यों को निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का ध्यान रखने के दिए निर्देश, जल जीवन मिशन के कार्यों को दिसम्बर-2024 तक पूर्ण करने कहा**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री साव ने बैठक में बीजापुर के आवापल्ली, बासागुड़ा, जगरगुंडा मार्ग की प्रगति की जानकारी ली और इसका निर्माण कार्य आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 किलोमीटर लंबाई के नेलसनार-गंगालूर मार्ग के शेष बचे 11 किलोमीटर का निर्माण कार्य भी जल्दी पूरा करने को कहा। श्री साव ने बीजापुर से भोपालपटनम मार्ग में मोदकपाल के पास सड़क दुर्घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के कार्यों को दिसम्बर-2024 तक पूर्ण करने को कहा। उन्होंने बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और दंतेवाड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत तीन चरणों के सर्वे कार्य को जल्द पूरा करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजापुर एवं बस्तर संभाग सुदूरवर्ती एवं दूरस्थ क्षेत्र है। यहां काम करने में कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चुनौतियों के बीच काम करने का अनुभव अलग होता है। आप लोगों को बस्तर के सरल-सहज आदिवासी भाई-बहनों के विकास और कल्याण के कार्य करने का मौका मिला है। आप लोग संवेदनशीलता के साथ बस्तरवासियों की तकलीफों को समझें और उनसे प्रेमपूर्वक बातें कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। बीजापुर के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बैठक में विकास योजनाओं और जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत के सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ श्री रामाकृष्णा रंगानाथा वाय., इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उप निर्देशक श्री संदीप बल्गा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

# तीन दिन की धान खरीदी में आकड़ा 3 लाख टन के पार

भास्कर दूत

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो चुका है। 14 नवम्बर से अब तक मात्र तीन दिन की खरीदी में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का आकड़ा 3 लाख टन के पार पहुंच गया है। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 2739 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है। चालू विपणन वर्ष में 160 लाख टन धान उपार्जन का अनुमान है। देव-दीवाली 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महापर्व के 6वें दिन तक 3.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 68,668 किसान अब तक धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत् 502.53 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह महाअभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खाद्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज 20,296 किसानों से 93 हजार 581 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। राज्य में धान बेचने के लिए इस साल 27.68 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल है। उन्होंने बताया कि 19 नवम्बर के लिए कुल 23791 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 19934 टोकन जारी किए गए है। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माइक्रो एटीएम से दो हजार रूपए से लेकर दस हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा दी है, इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराए पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली-मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री के इस फैसले से किसान बेहद प्रसन्न है। मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने बताया कि दूसरे राज्यों से धान के अवैध आवक/परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर इलाकों में विशेष निगरानी रखने के लिए चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

**किसानों को 502.53 करोड़ रूपए का हो चुका भुगतान**

**दूसरे राज्यों से धान आवक रोकने सीमावर्ती क्षेत्रों में रखी जा रही है कड़ी निगरानी**

# प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा स्थान बना बारनवापारा अभ्यारण्य

## जानवरों को करीब से जानने पर्यटकों के लिए तीन नये सफारी मार्ग एवं तीन नये गेट बनकर हुआ तैयार

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले स्थित बारनवापारा अभ्यारण्य 15 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए प्रारम्भ हो गया है।बारनवापारा अभ्यारण्य में प्रमुख रूप से पर्यटकों को वनभ्रमण सफारी के दौरान अभ्यारण्य में पाये जाने वाले वन्यप्राणियों हिरण,नीलगाय, मोर, गौर,काला हिरण, जंगली सुअर, सांभर, खरगोश, भालू एवं तेन्दुए को प्रत्यक्ष रूप से वनक्षेत्र में विचरण करते हुऐ आसानी से देखा जा सकता है।बारनवापारा अभ्यारण्य में पर्यटकों को सफारी हेतु बारनवापारा अभ्यारण्य के मुख्यालय तक दूरी तय कर सफारी सुविधा उपलब्ध करायी जाती थी, किन्तु इस नये पर्यटक सीजन से पर्यटकों को कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की भाँति सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से पर्यटकों को बारनवापारा तक सफर तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जिसके लिए अभ्यारण्य बार द्वार के अतिरिक्त अन्य द्वार पर सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सफारी हेतु 3 नये प्रवेश गेट (भालू द्वार पकरीद, तेन्दुआ द्वार रवान तथा हाथी द्वार बरबसपुर) प्रारंभ किया गया है। जहां से ही पर्यटकों को जिप्सी तथा गाईड आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

इसके पूर्व बारनवापारा से ही पर्यटकों को सफारी सुविधा उपलब्ध कराया जाता था जिसके कारण अत्यधिक दबाव भीड़ होने से पर्यटकगणों को समय पर जिप्सी तथा गाईड उपलब्ध नहीं हो पाने से अव्यस्थाओं का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही पर्यटक मार्ग का विस्तार करते हुये 3 नये पर्यटक रूट का निर्माण कराया जा रहा है.जिससे की पर्यटकों को अलग-अलग भ्रमण हेतु रूट उपलब्ध हो सके। अभ्यारण्य के इस नयी पहल से पर्यटकों तथा प्रकृति प्रेमिओं के द्वारा काफी सराहना की जा रही है तथा पर्यटकों के बारनवापारा अभ्यारण्य के प्रति रूझान को देखते हुये भविष्य में अनेकों सुविधा उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।








बारनवापारा अभ्यारण्य के नवीन सफारी सेवा के प्रारंभ होने संबंध में मुंबा मचान रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर रविन्द्र राठौर ने बताया इससे निश्चित से दूर से आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा। सफारी के लिए पर्यटक गांव तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। जंगल प्रवेश करते ही सफारी प्रारंभ हो जाएगा। इससे न केवल पैसे बल्कि समय के बचत के साथ हो जानवरों को देखने का आसान रहेगा। इसके साथ ही बारनवापारा के नैसर्गिक पर्यटन के प्रति पर्यटकों के रूझान बढने की संभावना व्यक्त करते हुये बारनवापारा अभ्यारण्य भविष्य में एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनने की बात की गई है।

गौरतलब है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में 150 प्रजाति के तितली एवं मोथ पायी जाती हैं। जिसमे से वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज (पैचीलौप्टा हेक्टर) डनाइड इगली (हाइपो सिलिमस मिसीपस) शेड्यूल दो की सिपोरा निरिसा,होगारा एनेक्स, यूक्रीशॉप्स सीनेजस, जेनेलिया लेपीडिया रपेला वरुणा,लैंपिडर्स बोइहन, तजुना शिप्स आदि पाई जाती है। शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है। विगत तीन वर्षों से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14-16 हाथियों का दल निवास कर रहा है। साथ ही साथ विगत 9 माह से एक बाघ लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है। बारनवापारा नाम बार और नवापारा गाँव से मिलकर बना है। बारनवापारा अभ्यारण्य अपनी स्थापना के बाद से ही देश के हर हिस्से से पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित है। अभ्यारण्य का कुल क्षेत्रफल 244.66 वर्ग किमी है। अभ्यारण्य की स्थलाकृति समतल और लहरदार इलाका है। ऊँचाई 640 मीटर समुद्र तल तक है। बालमदेही,जोंक और महानदी नदियाँ अभयारण्य की जीवन रेखा हैं जो अभयारण्य की जल कमी को पूरा करने के लिए अभयारण्य के साथ बहती हैं। वार्षिक वर्षा 1200 मिमी है इस अभ्यारण्य में सागौन, साल और मिश्रित वन की मुख्य वनस्पति है।

पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इसमें शिकार और शिकारियों का अच्छा घनत्व है। अभ्यारण्य के अंदर स्थित बलार जलाशय में कई आर्द्रभूमि पक्षी और मछलियाँ पाई जाती हैं। यह अभ्यारण्य लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इकोटूरिज्म को बढ़ावा देता है। बारनवापारा तक पहुँचने के लिए रायपुर से सड़क मार्ग से दो घंटे का सफर करना पड़ता है। जबकि ड्राइविंग करते समय रोमांच का मज़ा लिया जा सकता है। यह रायपुर से ह।।53 पर 78वें किलोमीटर पर 106 किलोमीटर दूर है। पटेवा एक छोटा शहर है जहाँ बारनवापारा से 28 किलोमीटर की दूरी पर मौसम अनुकूल सड़क पर गाड़ी चलाकर पहुँचा जा सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दिया जाएगा सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण

### लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में 23 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत सुरक्षा गार्ड कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में 18 से 45 वर्ष तक आयु के, आठवीं पास और न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले पुरूष आवेदकों से आगामी 23 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 3 दिसम्बर तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के ग्राम पंचायत कोरगांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र तेन्दूभाठा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आगामी 3 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदिका उसी ग्राम की एवं नगरीय क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए। प्राथमिक शिक्षा अथवा माध्यमिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण आवेदिका प्राप्त ग्रेड अनुसार संबंधित शिक्षा संस्थान से स्पष्ट प्राप्तांकों, पूर्णांकों का एवं प्राप्त प्रतिशत का स्पष्ट उल्लेखित अंकतालिका अथवा प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा। यह भी बताया गया कि स्पष्ट उल्लेखित अंकतालिका अथवा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में मूल्यांकन किया जाना संभव नहीं होगा, जिसके लिए आवेदिका स्वयं जिम्मेदार होंगी।

### खरीफ विपणन वर्ष 2024-25

## जिले में अब तक 7 हजार 190 पंजीकृत किसानों से 3 लाख क्विंटल से अधिक का किया गया धान उपार्जन







**धमतरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 7 हजार 190 पंजीकृत किसानों से कुल तीन लाख 228 क्विंटल 80 किलोग्राम धान का उपार्जन किया गया है। इसी तरह 20 नवम्बर को धान खरीदी के लिए 2 हजार 105 किसानों का टोकन 95 हजार 714 क्विंटल धान खरीदी हेतु जारी किया गया है।

## ग्राम पंचायत सकरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं को किया गया सम्मानित





**बलौदा बाजार कोलिहा।** छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नया रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जारी पत्रानुसार बड़ौदा बाजार जिले के सभी ग्राम पंचायतों द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उनके उल्लेखनीय कार्य और परिणामों के आधार पर हर साल 14 नवंबर को सम्मानित किये जाने सम्बंधित फरमान आदेश के तहत, हर आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता और सहायिका को ग्राम पंचायत के माध्यम से सम्मानित किया गया जनपद पंचायत बलौदा बाजार में नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी फकीर चरण पटेल द्वारा बलौदा बाजार के सभी 106 ग्राम पंचायतों में पंचायत द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का किए गए सम्मान का सतत निगरानी करते हुवे प्रत्येक पंचायत का समीक्षा किया गया इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सकरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पुराइन देवी साहू पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा के मुख्य अतिथ्य में वृहद आयोजन किया गया कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पंच नीलकंठ साहू एवं समाजसेवी कमलेश्वर साहू के विशिष्ट अतिथि में किया गया अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती साहू निमेश्वरी वर्मा पार्वती रात्रि रेखा साहू एवं सहायिका जागेश्वरी टंडन आरती फेकर पत्रिका साहू नीमा लहरी का साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा पंच नीलकंठ साहू समाजसेवी कमलेश्वर यदु छन्नू धीवर डागेंद्र यदु राम गोपाल साहू द्वारा उद्बोधन द्वारा बताया गया कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका देश के भविष्य कहे जाने वाले नवनिहालों की शिक्षा की प्रथम सीढ़ी है जो बच्चों की भविष्य बनाने की नींव की भूमिका अदा करती है इसके साथ-साथ शासन के विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन करने में अपनी महती भूमिका अदा करती है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निमेस्वरी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन उनकी टीम के माध्यम से किया जाता है।

## विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक चलेगा हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में आज विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक "हमारा शौचालय-हमारा सम्मान"अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने पांचों जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण,ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय




प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी की गई है। कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की 19 नवंबर को समस्त ग्राम पंचायत में विश्व शौचालय दिवस का अभियान का प्रारंभ होगा, 20 को स्कूल में हाथ धुलाई दिवस का आयोजन। सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई एवं पोताई,पेंटिग प्रतियोगिता शिक्षा विभाग द्वारा, 21 नवंबर को आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सजाओ प्रतियोगिता शौचालय की साफ सफाई महिला एवं बाल विकास विभाग, 22 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 23 नवंबर से 25 नवंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का आयोजन,26 से 28 नवंबर तक ब्लाक,जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता आयोजन, 2 दिसंबर को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र का वित्तरण,5 दिसंबर विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परिक्षण जिसमे विशेषकर ई कोलाई बैक्टीरिया की उपस्थिति का निरीक्षण, पीएचई विभाग द्वारा,6 दिसंबर स्वच्छताग्राही, सफाई मित्रो को जनकल्याणीकारी योजनाओं से जोडने हेतु डिगनीटी कैम्प का आयोजन,7 दिसंबर ओ.डी.एफ.के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत,ब्लाक स्तरीय प्रतिनिधियों,कर्मचारियों को सम्मानित करना,9 दिसंबर जिला,ब्लाक ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय के उपयोग हेतु अभियान का आयोजन करना एवं 10 दिसंबर को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय,सामुदायिक शौचालय, स्वच्छताग्राही को अवार्ड वितरण तथा अभियान के प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार कर जाएगी।

### भाजपा संगठन महापर्व में ब्राह्मण पारा वार्ड का हुआ बूथ कमेटी का गठन

## भाजपा संघठन में बूथ कमेटी प्रथम के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई - डिपेंन्द्र साहू

भास्कर दूत

**धमतरी,-** संघठन महापर्व में भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश,जिला,मंडल के निर्देशानुसार ब्राह्मण पारा वार्ड धमतरी में प्रभारी डिपेंद्र साहू सह प्रभ री कोमल सार्वा सहयोगी पन्ना थवाइत देवेश अग्रवाल एवं बूथ स्तर के समस्त कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर सर्व सहमति से बूथ क्रमांक 146 में अध्यक्ष योगेश साहू सचिव किरण कुम्भकार बी.एल.ओ खिलेश कुम्भकार बूथ 147 से अध्यक्ष यश साहू सचिव अंकित दुबे बी.एल.ओ दिनेश दुबे को प्रमुख जिम्मेदारी दी



गई इसके अतिरिक्त बूथ 146 के सहयोगी पदो पर जगदीश कुम्भकार रामस्वरूप कुम्भकार सुनील भारत सूरज कुम्भकार दिनु कुम्भकार राजू सोनकर राजा श्रीवास्तव शंकर कुम्भकार विजय कुम्भकार चित्रकान्त कुम्भकार मोटू कुम्भकार सत्यनारायण कुम्भकार राजेश कुम्भकार गुड्डा कोटवानी कुशाल बावने राजेंद्र रिगरी साकेत यादव जयंत प्रधान कान्हा देवांगन ममता कुम्भकार उमा कुम्भकार संगीता कुम्भकार डिगेश्वरी कुम्भकार भागबती कुम्भकार सावित्री कुम्भकार यशोदा कुम्भकार का चयन हुआ एवं बूथ 147 के सहयोगी पदो पर संतोष तिवारी सनत शर्मा यादवेंद्र दिवान किशन सोनी संतोष सार्वा राजा तिवारी शुभाष रजक छबिन्द्र सोनी प्रशांत दुबे गोविंदा सोनी ईश्वरी पटवा डोल प्रतिमा सोनी अचला सोनी तुलेश्वरी रजक जानकी सार्वा सुमित्रा नामदेव रानी तिवारी गौरी शर्मा तिलक नामदेव संदीप दुबे नीलेश द्विवेदी अनुज तिवारी राजा रिगरी नीरज शुक्ला आर्यन सोनी का चयन किया गया समस्त कार्यकर्ताओ ने आने वाले चुनावो में भाजपा एवममोदी जी के कार्यो को बढ़ाने का संकल्प लिया सभी नाव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### धान खरीदी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

## किसानों को न हो तकलीफ रखें विशेष ख्याल : कलेक्टर

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है.

आज विशेष रूप से कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए.किसानों की सुविधाओं का विशेष ख्याल समिति प्रबंधक रखें.सभी के लिए पेयजल,बैठक व्यवस्था सहित बारदाने की



उपलब्धता जैसे मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। धान खरीदी के साथ ही उठाव में भी निरंतरता बनी रहनी चाहिए.निर्धारित समय के साथ ही डीओ जारी हो जाना चाहिए। किसी भी केंद्र में धान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए।

इसके साथ ही पलारी के छेरकापुर धान खरीदी में इलेक्ट्रॉनिक तराजू के जगह मैनुअल काटा बाट उपयोग करने के मामले में कलेक्टर श्री सोनी ने संज्ञान लेते हुए सहकारिता एवं बैंक नोडल अधिकारी को तलब करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। साथ ही धान खरीदी में बेहतर कार्य के लिए खाद्य, सहकारिता, बैंक नोडल एवं नान के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश आज बैठक में दिए है। साथ ही राजस्व अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश संबधित राजस्व अधिकारियों को दिए है.इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल निराकृत करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें।

## बच्चे बने शेडो कलेक्टर, एसपी, सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी

### अधिकारियों ने रोचक ढंग से बच्चों को दी विभागीय कार्य और योजनाओं की जानकारी

भास्कर दूत

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां जैसे खेलकूद, कला, वैज्ञानिक शोध इत्यादि से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न रोचकपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न विज्ञान मॉडल तैयार करना, मानसिक स्वस्थता बनाए रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन तथा रू-ब-रू कार्यक्रम के जरिए बच्चों का अधिकारियों से सम्पर्क इत्यादि संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों से एक हैं शेडो अधिकारी। जिले के विभिन्न स्कूलों में हाई एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं में अध्ययनरत कुल 202 बच्चे आज विभागीय कार्यों और गतिविधियों को करीब से जानने एवं समझने के लिए शेडो अधिकारियों की भूमिका में नजर आए। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर, एसपी, सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके कार्यालयों में सम्पर्क किया



और विभागीय कार्यों को समझा एवं जाना। बच्चों ने शासकीय कार्यालयों में किए जा रहे कार्यों, वहां संचालित होने वाली योजनाओं, कार्यक्रमों और अधिकारियों की जिम्मेदारियों को करीब से देखा। साथ ही बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक अधिकारियों से सवाल भी किए और भविष्य में उनकी क्या बनने की योजना है, उसे अधिकारियों के साथ साझा किया। विभागीय अधिकारियों ने बच्चों का आत्मीय स्वागत किया और अपने-अपने विभागों में संचालित हो रहे कार्यों, योजनओं और कार्यक्रमों की बारिकी से जानकारी दी। इस

**विभागों में किए जा रहे कार्यों को जिले के 202 बच्चों ने करीब से जाना और समझा**

अवसर पर बच्चों के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि शेडो अधिकारियों के कार्यक्रम का आयोजन बाल दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इसका उद्देश्य है कि छात्र अधिकारियों के कार्यों को देखें, समझें और उसे देखकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें। दूसरी ओर अधिकारी भी बच्चों की नजरिया से देखें कि वे अपना कार्य कैसे कर रहे हैं तथा बेहतर तरीके से और अच्छा कार्य कैसे करें। यह दोनों तरफ से सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र जीवन में जो स्कूल का समय होता है, वह सबसे सुनहरा समय होता है तथा जब हम हाई तथा हायर सेकेण्डरी कक्षाओं में पहुंच जाते हैं, तो अपने जीवन का लक्ष्य तय करना जरूरी हो जाता है।





बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी प्रवीण कुमार साहू ने शेडो कलेक्टर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरौद के मोहनीश कुमार जांगड़े शेडो एसपी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा की द्रोपती निषाद शेडो सीईओ जिला पंचायत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरौद के छात्र हर्ष कुमार शेडो अपर कलेक्टर और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भोथली की युक्ति साहू शेडो जिला शिक्षा अधिकारी की भूमिका में नजर आई तथा इन अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों को करीब से समझा। इसके अलावा अन्य बच्चों ने भी विभिन्न विभागों में जाकर अपनी भावनाओं को अधिकारियों के साथ साझा किया और अधिकारियों ने भी बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

भास्कर दूत



## संपादकीय

# अमरीका में शरण मांगने वालों में 855 फीसदी की वृद्धी

### लाखों लोग छोड़ रहे हैं भारतीय नागरिकता ?

एक समय था जब ब्रिगेडियर उस्मान को बंटवारे के समय पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन उन्होंने यह कहकर इनकार कर दिया था कि भारत मेरा देश है इस धरती में मेरे बुजुर्ग दफन हैं।उन्होंने पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनने की बजाय भारत का ब्रिगेडियर बना रहना स्वीकार किया और अपना नौसेरा बचाने के लिये शहीद हो गये।वह तो अनिश्चितता का समय था,जान-माल का खतरा था किंतु आज तो निश्चंतता का समय है। संवैधानिक और नियामक संस्थायें देश को आजादी के प्रति सजग कर रहीं हैं ऐसे दौर में कुछ खबरें हैरान भी करतीं हैं और चिंतित भी।संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि पिछले 10 सालों में लगभग 15 लाख भारतीय नागरिकों ने देश की नागरिकता त्याग दी है ।इससे भी जो ज्यादा चिंताजनक आंकड़ा है वह यह कि अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या में 855 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विदित हो कि अमेरिका में शरण मांगने वाले दो तरह से शरण के लिए आवेदन करते हैं एक तो वह जिन्हें एफर्मेटिव कहा जाता है और दूसरा वे जिन्हें डिफेंसिव कहा जाता है यानि सुरक्षा की दृष्टि से वे अमेरिका में शरण की गुहार लगाते हैं अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की इमीग्रेंट एनुअल फ्लो रिपोर्ट बताती है कि 2023 में अमेरिका में शरण चाहने वाले आवेदकों में 41हजार 330 भारतीय शामिल थे जो कि 2022 की तुलना में 855 फ़ीसदी ज़्यादा है और भी आश्चर्यजनक बात यह है कि इसमें से आधे आवेदक गुजरात राज्य के हैं।जहां 2014 के बाद समृद्धि का विस्फोट हुआ है। समझना जरूरी है कि उन भारतीयों ने क्योंकर सुरक्षा एसाईलम के लिये आवेदन किया है? वर्ष 2022 में शरणार्थी के रूप में आवेदन करने वाले 14 हजार 570 भारतीयों में से 9200 ने डिफेंसिव एसाईलम यानि सुरक्षा शरण का आवेदन किया है। भारत की अर्थव्यवस्था के उछालें भरने के दावे ,आम नागरिक के लिये सुरक्षा की गारंटी और बेहतर अवसरों के प्रचार के बीच भी अगर 41हजार 330 नागरिक अमरीका में शरण मांग रहे हैं और उनमें भी 50त्न से अधिक सुरक्षा कारणों से तो यह पड़ताल का विषय होना ही चाहिए ? इन सुरक्षा शरण चाहने वाले भारतीयों को देश में क्या खतरा लग सकता है? उनमें से आधे उस राज्य से क्यों हैं जिसमें सर्वाधिक विकास के दावे किये जा रहे हैं?

अमरीका में एलपीआर रिपोर्ट के अनुसार लगभग 28 लाख भारत में जन्मना नागरिक रहते हैं जो मेक्सिको में पैदा हुए अमरीकी नागरिकों के बाद सर्वाधिक संख्या है।अकेले 2022 में ही 1लाख 28 हजार 878 मेक्सीकन,65 हजार.960 भारतीय,53 हजार 413 फिलिपाईन नागरिकों को अमरीकी नागरिकता के लिये न्यूट्रिलाईज किया गया है।

ऐसा माना जाता है कि सामान्यत:आर्थिक ,शैक्षणिक अवसरों और राजनैतिक स्थिरता को देखते हुए सुरक्षित भविष्य की तलाश में लोग अपनी नागरिकता त्याग करने का कठिन फैसला लेते हैं।अमरीका में रहने वाले 28 लाख 31 हजार 330 भारतीयों में 42 फीसदी भारतीय , अमरीकन नागरिकता के लिये अपात्र हैं। इसके बावजूद भारतीय ब्रेन इतनी बड़ी तादाद में जोखिम क्यों उठा रहा है? मोटा-मोटी सभी देशों से आर्थिक प्रवासी अवसरों की तलाश करते हैं जिसमें आऊटफ्लो और इनफ्लो की मात्रा देश की वास्तविक परिस्थितियों का बखान कर देती है।

जिन 10 वर्षों में 15 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोडने का आवेदन किया है उसी दौरान विगत पांच सालों में मात्र 5 हजार220 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है उनमें 4 हजार 552 यानि 87 फीसदी तो पाकिस्तानी, 8 फीसदी अफगानिस्तानी और 2 फीसदी बंगलादेशी हैं। इसका अर्थ है कि भारतीय नागरिकता त्यागने वालों के मुकाबले भारतीय नागरिकता चाहने वालों की संख्या 1 प्रतिशत भी नहीं है। लंदन की हेनली एंड पार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7 हजार सुपर रिच धनाढ्य भारत की नागरिकता छोड़ सकते हैं।सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि वह इन लोगों की व्यावसायिक पृष्ठभूमि के बारे में अनभिज्ञ है।

# मेरे शहर की गिनीज बुक



गिरीश ठक्कर स्वर्गीय

*नाम कमाने और पैसा कमाने की सनक जिसे हो वो जान को जोखिम में डालने के सिवाय कोई भी जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। मैंने गिनीज बुक, लिम्का बुक, और न जाने क्या-क्या बुक होती है जिसमें ऐसे ही कारनामों को रखने की सनक भी किसी को हुई होगी। जिसका नाम गिनीज बुक रखा होगा जिसके लेखक का नाम भी इस बुक में कहीं होगा । मुझे भी एक सनक चढ़ी कि मेरा नाम भी गिनीज बुक में हो और मैं हर वह उल्टे सीधे वह कारनामे करने लगा। जिससे लोगों की निगाह मुझ पर रहे जैसे नाखून का बढ़ना कच्चा चावल खा जाना, उल्टा चलना, गाड़ी के हैंडल पर बैठकर गाड़ी चलाना, माथे पर तिलक तिरछा लगाना, चौराहे पर शीर्षासन लगना ,आदि आदि कार्य करता रहा पर फिर पता चला कि ऐसे करतब और पागलपन का रिकॉर्ड खुद ही इन्हें बनाने वाले लोगों ने ही तोड़ा है, और इसी पेसो पस में एक दिन मुझ जैसा एक मिल ही गया।*

तो बताया कि ऐसा पागलपन बंद करो भैया नया ही करना है। तो शहर की गिनीज बुक लिखो ।इसी गिनीज बुक के हिस्से हैं और जो अजब गजब है ।जो मैंने शहर में देखा उसे मेरे शहर की गिनीज बुक में दर्ज करने का प्रयास किया है।

हर कार्यालय में कुछ ना कुछ उल्टा सीधा कारनामा पाया ही जाता है । शहर में अखबारों की संख्या ने हीं अपना अच्छा रिकॉर्ड बनाया है। गाड़ियों में प्रेस शब्द का लिखा होना भी इसी श्रेणी में आता है।

अखबार वाचकों की संख्या ने भी चौकया इसके खरीददार ही नहीं ऐसा सुना गया कि मुझ जैसे सनकी ने अपनी गाड़ी में अखबार वाचक लिखवाया है। कई रिकॉर्ड ऐसे भी जो शहर के सारे अखबार खोजते हैं पढ़ते हैं पर खरीदते कभी नहीं। ऐसे लोग पान की दुकान में या नाऊ की दुकान में पाए जाते हैं।

जैसे शहर का मुख्य व्यवसाय सुद खोरी पर निर्भर है देने वाला और लेने वाला दोनों आत्महत्या के कगार पर पहुंचाते हुए देखे गए हैं। जिसने लिया है वह न देने के कारण आत्महत्या कर रहा है। जो वसूल नहीं कर पाया वह वसूल नहीं करने के पार कारण आत्महत्या कर रहा है। मर्ग कायम है पुलिस के डायरी में और मर्ज आज तक नहीं मिला यह भी एक मेरे शहर का रिकॉर्ड है।

शहर का चौराहा है मानव मंदिर नाम बदलने के कई प्रयास विफल रहे । इस चौराहे पर शहर के जुलूस का निकलना अनिवार्य है वरना जुलूस सफल नहीं माना जाता। यहां पुतला दहन का आयोजन भी अक्सर होता है पर इसका रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला। हां पुतले के दहन के बाद इस मानव मंदिर में श्रद्धांजलि देने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इस कार्य हेतु पुलिस बल बिना भेदभाव के मदद करती है।

शहर में राजाओं का राज रहा है। अब भी है ,पर राज है करने के तरीके बदल गए हैं। वे प्रजा के शुभचिंतक थे ये पुत्र और पर पोतों के शुभचिंतक हैं। इनका राजतिलक जनता द्वारा 5 वर्षों में किया जाता है। टोपी वही रहती है सर बदल जाते हैं। इन राजाओ को 51 रीयासतों में बांटा गया है । ये पार्षद कहे जाते हैं इनमें कइयों ने रिकॉर्ड भी बनाएहैं।

जो दूसरी बार पार्षद नहीं बन पाते वे नगर निगम के ठेकेदार हो जाते हैं या कह सकते हैं कि पार्षद रहते रहते ठेकेदार बनने की ट्रेनिंग लेते रहते हैं।

शहर में बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान है इन्हें व्यापारी वर्ग चलाते हैं। यह लोग शहर में रोजगार के निर्माण पैदा करते हैं । अन्य बड़े-बड़े कार्यो में पूंजी का इन्वेस्टमेंट करते हैं शहर में कोचिंग सेंटर एक उभरता हुआ अच्छे मुनाफे का कारोबार है । क्योंकि इन स्कूलों में वह नहीं पढ़ाया जाता जो ट्यूशन में पढ़ाया जाता है और ट्यूशन में जो पढ़ाया जाता है वह इन स्कूलों में नहीं पढ़ाया जाता जिसने शहर को नाम दिया है ।

शहर में हर तीसरा चौथा व्यक्ति समाजसेवी है यह किसी न किसी समाज सेवी संस्था का अध्यक्ष है। सरकार बहुत से काम इनके माध्यम से करवाती है या सरकार के काम में अपना बैनर लगाकर अपना काम करा लेते हैं। उनकी छोटी से छोटी सेवा कमरे में कैद रहती है। गायों को पानी देना भूखे को भोजन करना किसी को रास्ता बता देना या पार कर देना भी अखबार की सुर्खियों में होता है। समाज सेवी बड़े अच्छे आयोजकों में गिने जाते हैं। इस कार्य में सेवा और मेवा भरपूर होता है । आज स्थिति ऐसी है कि सेवा लेने वाले कम और देने वाले ज्यादा हो गए हैं।

शहर में ऐसे भी रिकॉर्ड है जिसे गाय के गोबर से एलर्जी है उन्हें गौ सेवा का अवार्ड दिया गया है। रास्ते पर गायों के बैठने पर एक चिंतन बैठक रखी गई है, जिसमें उन लोगों ने भाग लिया जिनके घर में गाय हैं ही नहीं। जिसने कभी एक बकरी भी नहीं पाली वे दूध के सबसे बड़े व्यापारियों में गिने जाते हैं। अखबारों में समस्या लिखने वाले साहित्य मंच के अध्यक्ष हैं ।अखबारों में नाम छपाने का रिकॉर्ड भी शहर में है। तो सिर्फ विज्ञापन के लिए ही निकलने वाला अखबार भी है।

शहर में कई बड़े-बड़े नाक वाले भी हैं जिन्होंने आम जनों के नाक में दम कर रखा है। इनके बाजारों में कई छोटे-छोटे कत्ल खाने हैं। नाक वाले अपनी नाक को दबा कर निकल लेते हैं ।शहर में आलू प्याज और अन्य सब्जी के मार्केट को मुर्गी और अंडों के उत्पादन को प्रभावित करता है।

शहर में एक गोकुल नगर नाम की स्थाई बस्ती है यहां गौ सेवक नहीं आते इसलिए गौ माता स्वयं शहर में सेवा लेने आ जाती है । इनकी मौसी यानी भैंस अभी भी शहर के बीचो-बीच चौक चौराहे पर घूमते हुए या बैठक लेते हुए नजर आती है। यह अधिकारियों को नजर नहीं आते हैं। क्योंकि इनके रंग काले होते हैं। उनके लिए कांजी हाउस नाम का एक कैदखाना है। जिसके नाम से बजट आता है। निगम के कर्मचारी इन पर अपना हक समझते हैं इनका चारा भी खुद खा जाते हैं।

कुत्ते शहर में अपनी वफादारी का परिचय देते रहते हैं शास्त्रों के अनुसार अगर इन्हें रोटियां खिलाई जाए तो रोटी खिलाने वालों के दुश्मन कम होते हैं पर देखा गया है कि ये आजकल उनके भी दुश्मन हो गए हैं।

शहर है तो तालाब भी है कि कुवें ,बोरिंग भी है तालाबों को राजनीति संरक्षण प्राप्त है। उनके अध्यक्ष भी हैं ऐसी जानकारी अखबारों से मिली है कि बोरिंग और कुवें अध्यक्ष की तलाश में है ।इन्हें अपने संरक्षकों की तलाश है एक तालाब को सद्गति प्रदान कर उस जगह पर समाज सेवा का एक विशाल भवन बनाया गया है। इसे बड़े घरों से समाजसेवी लोग अपने उपलब्धि बताते हैं ऐसी जरूरत को पूरा करने हमारे शहर में और भी तालाब है जिसे सद्गति प्रदान करने की योजना लंबित है। शहर वासियों को अपने शांत स्वभाव पर गर्व है। शहर के चारों दिशाओं में पुलिस चौकी है छोटी-मोटी गोली कांड के कारनामे होते रहते हैं। हथियार लेकर घूमने वालों पर कार्रवाई कर पुलिस अपने उपस्थित होने का प्रमाण प्रदान करते रहती है। उन्हें आबकारी विभाग का भी कार्य करना पड़ता है जैसे शराब गंजे की आदि की तस्करी रोकने का कार्य करना पड़ता है क्योंकि आबकारी विभाग स्वयं नशे में रहता है।

शहर में सरकारी अस्पताल है जिसकी तबीयत हमेशा नरम-गरम चलाते रहती है। यहां रग को देखकर रोग बताने वाले डॉक्टर नहीं है। अस्पताल के बाहर एक मंदिर है। डॉक्टर जब तक हो सकता है ,इलाज करते हैं वरना इन्हीं भगवान के भरोसे छोड़ देते हैं। यह भगवान बिना जाति धर्म भेदभाव सब की रक्षा करते हैं । वरना यहां बैठे पुजारी माने दलाल इन्हें निजी नर्सिंग होम में ले जाते हैं । यहां इनका इलाज उनकी जेब देखकर चलता है।शहर है तो, मुक्तिधाम भी है सभी मुक्तिधाम निर्माणधीन है मंदिरों की तरह। इसमें कईयों को मुक्ति मिल गई पर मुक्तिधाम को निर्माण से मुक्ति नहीं मिली । यहां हर मुक्तिधाम में अपने आय के स्रोत है ।

शहर में सड़के हैं इसमें हर दुर्घटना की याद में स्पीड ब्रेकर बने हैं। स्पीड ब्रेकर और सड़कों के गद्दे नगर पालिका निगम के मुख्य आय के स्रोत हैं इन ब्रेकरों से और दुर्घटनाग्रस्त होने पर डॉक्टरों के भी आय का स्रोत बढ़ता है।

इतने पर भी शहर की रफ्तार का जवाब नहीं शहर में महापुरुषों की प्रतिमा है। कई महापुरुषों की प्रतिमा निगम के धूल खा रही है ।उनके लिए शहर में चौक की तलाश जारी है । गांधी जी की एक प्राचीन मूरत पुराने बस स्टैंड में स्थित है। इनके ठीक सामने अंग्रेजी शराब की थी अब मांसाहारी की होटल बाकी हैं। मूर्ति के चारों और मांसाहारी सब्जी पक्की पकाई उपलब्ध रहती है। इनका सम्मान गांधी जी अहिंसा के प्रति निष्ठा का भाव माना जाता है ।

शहर में कई बुद्धिजीवी है कई अनेक क्षेत्रों में सम्मानित है। शहर में अभी तक किसी ने अपना सम्मान या पदक सरकार को नहीं लौटाया है। यह उन्हें काफी एप्रोच से मिला है। क्योंकि इन्होंने स्वयं की लागत से साल और श्रीफल का और आयोजन का खर्च कर यह सम्मान पाया है।

शहर में सिनेमाघर भी है सभी में एक ही फिल्म चलती है दो नए सिनेमा घरों में भी बड़े लोग जाते हैं जो पापकर्ण खाते हैं मिनरल वाटर पीते हैं। पुराने सिनेमा घर में वे जाते हैं जो फिल्म का पूरा मजा सिटी बजा बजा कर लेते हैं।

शहर में सौंदर्य के लिए बाग बगीचे हैं । एकमात्र फवारा है जो बंद चालू निगम के बजट पर डिपेंड करता है। मजा लेने वाले इन स्थानों में गोवा का मजा ले ही लेते हैं। लोग शालीन प्रवृत्ति के हैं इनके आजू-बाजू सारी व्यवस्था ठेले वाले या फेरी वाले कर देते हैं ।

शहर में स्कूल कॉलेज सब है सबके अपने-अपने रिकॉर्ड है अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम है। खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय नहीं है क्रिकेट के खिलाड़ी गली-गली है पर हॉकी की नर्सरी शहर को कहा जाता है।

शहर में साहित्य मनीषयओ का संगम स्थल भी है त्रिवेणी परिसर, इन्होंने अपनी फकड़ता के चलते भी साहित्य सृजन को ऊंचाइयां दी थी , और प्रेरणा के स्रोत रहे अब यह वर्तमान समय के साहित्यकारों के आय के स्रोत हो गए हैं। एक सृजन संवाद भवन भी है उनके चारों ओर तालाब है बगीचे हैं। प्रेम संवाद के लिए सुंदर स्थल माना जाता है।

शहर की यह गिनीज बुक अभी शेष है। क्योंकि अभी कई रिकॉर्ड बनेंगे और कई टूटेंगे समय-समय पर हम आप शहर के टूटे बनते रिकॉर के साक्षी रहेंगे।

## आत्मसंतुष्टि

शिथिल हो चुके माता पिता का आवास जहां कभी बच्चों की हसीं गुंजायमान थी अब वहां वीरानी है।

एक गाय और उसका बछडा जिसके गले में बंधी घंटी की सुमधुर धुन सुनाई देती वही घर की वीरानी खत्म करती।

दो बेटी और एक बेटे को जन्म देने वाली मां आज संतान सप्तमी का व्रत रखी, जो निर्जला उपवास केवल आटे की मोटी रोटी गुड़ के साथ भगवान जी को भोग लगा कर किए जाने की प्रथा का पालन करते पूजा अर्चना में लिप्त रही।

बचपन से जवानी तक बच्चो की खुशियों में अपनी आवश्यकताओं की तिलांजली देना माता पिता आदत ही बन गई थी। दोनो पुत्रियां ब्याह कर अपनी वैवाहिक जीवन में व्यस्त हो गई। पुत्र अपने जीवन किया अवश्यता की पूर्ति के लिए अपने कार्य स्थल में निवास रात।

लम्बी सिंदूर माथे में बड़ी बिंदी गोल चेहरा, खुशी सन्तुष्टि झलकाती आँखे, पैरों में आलता रची हुई ,हाथो में कांच की चूड़ियों के बीच पुरानी मजबूत सोने के कंगन जिसकी चमक पति के स्नेह को प्रदर्शित कर रही। आत्मसंतुष्टि से तृप्त किसी के सांत्वना की मोहताज नही ।अपने हाथों से घर की सफाई करने में सुखद अनुभव करना उनकी दिनचर्या ही थी।


यह उपवास अपने सन्तान के चिरायु होने की कामना के साथ रखा गया ।अपने हाथो से पति के प्रति स्नेह प्रदर्शित करते उनका पसन्दीदा पकवान अनरसा परोसते हुये ,बच्चो की यादो में खो गई।



गजेंद्र बख्शी ( अधिवक्ता )
32 रिद्धि सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव

लघुकथा :

## // मेरी गलतफहमियाँ //



श्रीरामचरितमानस गान प्रतियोगिता आयोजित थी। माँ वैदेही मानस मंडली अपनी प्रस्तुति दे रही थी। किष्किन्धाकाण्ड का कथा प्रसंग था। हारमोनियम पर संगत करते हुए शेख लतीफ़ हुसैन जी अपने व्याख्यान में कह रहे थे- मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और वानर राज सुग्रीव की मैत्री जगत को एक और नेक रहने की संदेश देती है। अगर हम एक रहेंगे तो कोई हमारी ओर आँख उठा कर नहीं देख सकता। एकता में ही बल है। आज हमारे देश को इसी चीज की जरूरत है। जाति-धर्म देश से बड़ा नहीं होता।

मैं बड़ी तल्लीनता से व्याख्यान सुन रहा था। तभी मैंने देखा, पान ठेले के पास खड़े अहमद और जुनैब भी बतिया रहे थे- कौन समझाये इन लोगों को। चंद लोगों के कारण ही आज हमारा इस्लाम बदनाम है। वतन को राम और रहीम की जरूरत है भाई।

आज अहमद और जुनैब की बातें सुन कर मेरी सारी गलतफहमियाँ दूर हो गयी।

----//----



टीकेश्वर सिन्हा
' गब्दीवाला '

## जोक्कर


असगई पसगई में ओकर सही गम्मत के जोक्क र कहूं नी रिस 7जब ओहा कोनो रोल ल करे बर उतरे त देखोईया मन बिन मिल्की मारे ओकर नौटंकी ल देखतेच रहे .ओहा गम्मत मं रोय त अइसे लागे पथरा घलो फाट जाहि हाँसे त हाँसता हांसस पेट पीरा जाय अउ कहूं कठवाय त कछु कर लेते बुजा ह टस के मस नी होय. गम्मत पारटी ह ओखरे नाम ले अतका धुर के जम्मो गांव मं छाय रहे. छट्ठी होय त, गनेस बईठे, या कोनो बने सही कारयकरम होय ओखरे पारटी ह आय आऊं कतोक दिन ले देखोइया मन के दिलोदीमाग मं छाय रहे, फेर कथे न कभू कभू कलाकार मन के कला ह कलाकार मन के जी के काल बन जाथे ओसने एक घ ओहा बीमार परिस घर के मन बड़ सूजी पानी करवई त थोकीनबने होईस. बीमार के बीच बीच मं ओहा अपना कलाकारी ल चेन्हे घलो,कभू निच्चट कठवा जाय त घर मं रोना धोना सुरु हो जाय जब जम्मो झन रोवत रहे त धीरे बानी कहे 'हे अपन विदया ल परखत रहें 'सुआरी ह बड़ भसेड़े, टुरा मन बाम हो जाय, अउ नाती मन तो गारी घलो दे देवे.एक दिन नौटंकी के मुखिया ह ओला सिरतों बुला लिस. बात असना होइस सब झन सुते रिस ओकर थोर दूर मं सुआरी घलो एक झन नतनीन ल सुताय फसर्रा मार के सूतत रिस हे. जसने कुकरा ह बासिस सब झन दिसा मैदान बर गिस फेर ओला अब एखर जरूरत नी परे. सुआरी ह उठाइस 'उठा न जी पंगपगा गे 'फेर ओहा कईसे उठे 'काबा ओड़हर करथा जी जानत हवा मैं बड़ डराथा 'कईके के पेट म माड़हे हाथ ल हलोरिस त हाथ ह गद ले खटिया मं गिर गे. ओहा चिचियाईस -दउड़ रे रमेसर तोर ददा फेर नाटक करत हे 'चिल्लई ल सुनके घर के मन दौडिस. कनवा बईद घलो सुन के खखारत आइस. रमेसर कहिस देख तो बबा ददा ह फेर नौटंकी करत हे. बईद ह हाथ नाड़ी ल कउ घ छु मसक के देखिस अउ कहिस नहीं रमेसर तोर ददा ह नौटंकी नी करत हे न अपन जोक्क री के परख करत हे ओहा अब नईये बाबू.. सुनके जम्मो झन विश्वास नी करिस फेर सुआरी ह कहिस कईसे कहत ह हो -'सिरतो कहत हं बहुरिया ए पइत के तुंहर जोक्क र ह नाटक नी करत हे ओहा सिरतो नईये ओला नाटक करे ब अपन मनोरंजन करे ब कम्पनी के मालिक ह अपन लंग बला लेहे हे 'सुनके जम्मो झन बाम पार रोये लागिस ।



प्रभात कुमार शर्मा
कोरबा नगर

## मस्क गिरे हुए पैसे नहीं उठाएंगे

ये समाचार पढ़ा एलन मस्क
अपने गिरे हुए पैसे नहीं उठाएंगे,
हर सेकंड की कमाई ही
यारों इतनी है कि वह भूल जाएंगे।
देखों कितना कीमती है वक्त
कि पैसा उठाने का समय नहीं,
बाबा अपन तो फकीर ही हैं,
गिरने का जो इंतजार करते हैं।
भाई पैसा तो पैसा है,
गिर जाए नोट तो लपकते हैं।
नहीं होगा मस्क को कोई अफसोस,
मगर अपने पास नहीं है कोई सोर्स!
गर अपने पैसे गिर जाएं,
तो होता है जिंदगी भर अफसोस।
आ जाता है घर में तूफान,
सब की आंखों में नजर आता है रोष,
तब घर वाले पूछते हैं कहां था ध्यान,
ऐसा भी क्या जवानी का जोश!
पैसे गिर जाए और ना रहे होश।
अरे वह तो एलन मस्क है,
अपन तो उसके पैरों की डस्ट हैं!
अरे वह भले ही रहता मस्त है,
भइये अपनी हालत तो देखों,
एक रुपया गिरने पर भी होती पस्त है।
आओ एलन मस्क समय निकालो,
एक दिन गरीब बस्ती में पधारो!
खूब गिराओ पैसा और हमको भी संभालो,
हमारे देश आकर पुण्य ही कमा लो।
(संदर्भ = एलन मस्क के 2 लाख रुपए गिर जाए तो वह नहीं उठाएंगे।)



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)

## दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ

देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी।

एक और सरकारी संस्था की रिपोर्ट ने श्रमिक वर्ग की बढ़ती रही दुर्दशा पर रोशनी डाली है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वे (एनएएफआईएस) 2021-22 के दौरान पाया गया देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है।

2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी। कहा जा सकता है कि अब ज्यादा लोग लाइफ स्टाइल बढ़ाने के लिए कर्ज ले रहे हैं। मगर आय की स्थिति पर गौर करें, तो ऐसे तर्क निराधार मालूम पड़ेंगे।


ताजा सर्वे में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय 12,698 रु. सामने आई। इसमें पांच साल में डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। तब औसत आमदनी 8,059 रु. थी। राष्ट्रीय परिवार 4.4 व्यक्तियों का है। तो हर व्यक्ति पर आय 2,886 रु. बैठती है। यानी प्रति दिन एक व्यक्ति की खर्च क्षमता 96 रुपये होगी। यह औसत आय है, जिसमें ग्रामीण इलाकों के सबसे धनी और गरीब दोनों तबकों की आमदनी शामिल है।

## शब्द सामर्थ्य- 427

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



## शब्द सामर्थ्य - 426

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू क्र. 427

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 426 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# दिल्ली में चुनावी हलचल तेज आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

राजीव दुबे (ब्यूरो दिल्ली)
भास्कर दूत

**नई दिल्ली** । भले ही दिल्ली विधान सभा चुनाव को लेकर तीन महीने से ज्यादा का समय है । लेकिन सियासी गलियारों में चुनावी माहौल तेज देखा जा सकता है ।आप पार्टी का मानना है कि भाजपा चाहे कितना भी जोर लगा ले पर 2025 में फिर से आप पाटी चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाएगी ।मौजूदा समय में भले ही आप पार्टी पर अरोप लगाये जा रहे है पर चुनाव में दिल्ली की जनता फिर से अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएगी ।आप पार्टी के नेता गौरव ने बताया कि भाजपा की नीतियों की वजह से देश में जनता बेरोजगारी और मंहगाई से परेशान हैं ।जबकि आप पार्टी दिल्ली वालों को तमाम सुविधाएँ फ्री में दे रही है ।जनता के बीच आज भी आप पार्टी का विश्वास व भरोसा कायम है ।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने को लेकर और कांग्रेस अपना खाता खोलने को लेकर ललायत है ।ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों दल आप पार्टी को हराने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं ।दिल्ली की सियासत के जानकारों ने भास्कर दूत को बताया कि अगर इस बार भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने से सफल नहीं होती है तो फिर आगे भाजपा को सरकार बनाने में दिक्कत हो सकती है ।वही कांग्रेस ने भाजपा और आप पार्टी पर आपस में मिले होने का आरोप है कि ये दोनों दल आपस मिले हुये हैं । हरियाणा चुनाव में आप पार्टी ने ये बता भी दिया है कि इंडिया गठबंधन में होने के बावजूद आप पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर भाजपा को राजनीतिक फायदा पहुंचाया है ।राजनीतिक विश्लेषक व वरिष्ठ पत्रकार विन्ध्यवासिनी त्रिपाठी ने बताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा के चुनाव में किसी भी एक दल को एक तरफा माहौल नही दिखाई दे रहा है ।भाजपा और आप पार्टी के बीच कड़ी टक्कर के साथ कांग्रेस को भी अपना खाता दिल्ली विधानसभा में खोलने के लिये सभी से कड़ी मेहनत करनी होगी।

फिलहाल चुनाव से पहले भाजपा,आप पार्टी और कांग्रेस के नेताओं का एक दूसरे दल में आना जाना लगा हुआ है । ऐसे माहौल में तीनो दलों के बीच कुछ भी नहीं कहा जा सकता है ।कि चुनाव में किस दल की सरकार बनेगी या न बनेगी।

# शारीरिक शिक्षा और खेल के 7वे पेफी अवार्ड की घोषणा

राजीव दुबे (ब्यूरो दिल्ली)
भास्कर दूत

**नई दिल्ली** । शारीरिक शिक्षा और खेल के क्षेत्र में दिए जाने वाले राष्ट्रीय पेफी अवार्ड की घोषणा की गयी है, इस बार यह राष्ट्रीय पुरस्कार 24 नवंबर को एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में शारीरिक शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे 29 शिक्षकों को दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुनाल जी, अर्जुन अवार्डी एवं हॉकी के पूर्व खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद, खेलो इंडिया के हाई परफॉरमेंस मेनेजर और अर्जुन अवार्डी यशपाल सोलंकी, द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ. ए. के. बंसल एवं विभिन्न खेल पुरस्कारों से पुरस्कृत वर्तमान एवं पूर्व खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। अवार्ड समिति के सचिव डॉ चेतन कुमार ने बताया कि पेफी के राष्ट्रीय पुरस्कार का यह सातवां संस्करण है। किसी भी देश के खेल भविष्य के लिए शारीरिक शिक्षकों का उत्कृष्ट स्तर प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है। बिना शारीरिक शिक्षकों के बेहतर खेल माहौल की कल्पना नहीं की जा सकती है। शारीरिक शिक्षकों को पेफी के माध्यम से बेहतर प्लेटफार्म प्रदान किया जा रहा है।

अवार्ड कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार उप्पल ने बताया कि इस बार इमर्जिंग स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ


**24 नवम्बर को एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में होगा आयोजन**

**देश भर के दो दर्जन से अधिक शारीरिक शिक्षा और खेल में योगदान देने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित**

द ईयर का अवार्ड चिराग चिकारा को दिया जा रहा है। जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप कुश्ती में गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है। वही डॉ. जी. पी. गौतम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिल्ली इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन के पूर्व प्रोफ़ेसर डॉ. धनंजय शॉ और सर्वश्रेष्ठ शारीरिक शिक्षा शिक्षक पुरस्कार मध्य भारत से आशुतोष शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ. बृज किशोर प्रसाद (मध्य प्रदेश), उत्तर भारत से आशा दलाल, सुनीता रानी, रोहित कुमार प्रवीण कुमार (दिल्ली), दक्षिण भारत लेफ्टिनेंट अनु डी. अलप्पट (केरल) एवं डॉ. श्रीनिवासा जी. एम. (कर्नाटक), पश्चिम भारत से डॉ. राजेंद्र कुमार सुखदेव देवकाते (महाराष्ट्र), पूर्व भारत से साहिनूर खान (पश्चिम बंगाल), अमलेंदु बाग (पश्चिम बंगाल) को दिया जाएगा.

वही सर्वश्रेष्ठ योग शिक्षक पुरस्कार, अल्का रहोरा (मध्य प्रदेश), डॉ. शुभांगी भीवाजी डामले (महाराष्ट्र), ग्रामीण क्षेत्रों में शारीरिक शिक्षा, फिटनेस और खेल के प्रचार हेतु डॉ. जयश्री आचार्य पुरस्कार डॉ. केशब चंद्र गोपे (पश्चिम बंगाल), डॉ. एम. रॉबसन युवा शोधकर्ता पुरस्कार पोली बोरा (असम), दिलप्रीत कौर (महाराष्ट्र), संजय कुमार एस. (तमिलनाडु), डॉ. अजमेर सिंह सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार (केवल ओलंपिक खेलों के लिए) डॉ. नीतू दत्ता (पश्चिम बंगाल), अशोक कुमार (उत्तर प्रदेश) ईश्वर भाटी (दिल्ली) और कुलदीप सिंह (हरियाणा), सर्वश्रेष्ठ अधिकारी/जज/रेफरी/अंपायर पुरस्कार (केवल ओलंपिक खेलों के लिए) रोहित कुमार (दिल्ली) इंद्रनील घोष (उत्तर प्रदेश) को दिया जाएगा. शारीरिक शिक्षा और खेलों में नेतृत्व व उत्कृष्टता के लिए कोमल और वी. के. पाहुजा पुरस्कार डॉ. अनिदेव सिंह (दिल्ली) और थॉमस एम. ए. (तेलंगाना), विशेष छात्रों को कोचिंग के लिए डॉ. राकेश गुप्ता सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार पराग अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) डॉ. पी. एम. जोसेफ पुरस्कार- शारीरिक शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ संस्थान धर्म समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल (उत्तर प्रदेश) और अजम्प्शन कॉलेज ऑटोनोमस (केरल) को दिया जाएगा. इस अवसर पर एक दिवसीय स्पोर्ट्स इंजरी कॉन्क्लेव का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमे स्पोर्ट्स इंजरी सेण्टर सफदरजंग हॉस्पिटल, एमवे इंडिया और आई फाई पार्टनर के रूप में रहेंगे. इस एक दिवसीय कॉन्क्लेव में स्पोर्ट्स इंजरी के विशेषज्ञ खेलों में लगने वाली चोटों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

# चीन द्वारा टैक्स रिबेट खत्म करने से एल्युमिनियम शेयरों में उछाल



**जयपुर** । चीन के वित्त मंत्रालय ने हाल ही एल्युमिनियम एवं कॉपर प्रॉडक्ट्स के निर्यात पर टैक्स रिबेट खत्म करने का एलान किया है। यह फैसला 1 दिसंबर से लागू हो जाएगा। परिणामस्वरूप बीते सप्ताह एल्युमिनियम की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण एल्युमिनियम विनिर्माताओं के शेयर सोमवार को उछल गए। नेशनल एल्युमिनियम कंपनी के शेयर 8.6 फीसदी उछल गए। हिन्डाल्को में 3.8 प्रतिशत और वेदांत में 3.2 फीसदी का इजाफा हुआ। एमसीएक्स के हाजिर बाजार में एल्युमिनियम की कीमतें सोमवार को दो फीसदी चढ़ गईं। धातु कंपनियों के प्रदर्शन की माप करने वाला निफ्टी मेटल इंडेक्स 1.9 प्रतिशत उछला। उल्लेखनीय है कि 1 दिसंबर से लागू कर छूट की वापसी की अल्पावधि में चीन से एल्युमिनिय का आगमन प्रतिबंधित होने की आशंका है।

# कांतारा: चैप्टर 1 की रिलीज डेट आउट, 2 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी ऋषभ शेट्टी की फिल्म




ऋषभ शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म कांतारा का प्रीक्वल कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज डेट सामने आ चुकी है. मेकर्स ने हाल ही में ये बड़ी अनाउंसमेंट की और फैंस को खुश कर दिया. इस फिल्म का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. साल 2022 में कम बजट में बनी फिल्म कांतारा ने 400 करोड़ रुपये का कारोबार करके बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. ऋषभ शेट्टी की एक्टिंग से लेकर उनके डायरेक्शन, फिल्म की कहानी, कास्ट, सबकुछ कमाल का था. दर्शकों के साथ ही क्रिटीक्स ने भी फिल्म की सराहना की थी. कांतारा की कहानी ने पूरे इंडियन सिनेमा को हिलाकर रख दिया था. जिसके बाद मेकर्स ने इसके प्रीक्वल का अनाउंसमेंट किया और अब इसकी रिलीज डेट भी सामने अनाउंस कर दी गई है.

ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 दुनियाभर के सिनेमाघरों में साल 2025 में 2 अक्टूबर को रिलीज होगी. हाल ही में होम्बले फिल्म्स ने इसकी घोषणा करते हुए फैंस का दिल खुश कर दिया. फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने लिखा, अब वक्त आ चुका है, कांतारा वर्ल्डवाइड 2 अक्टूबर 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस अनाउंसमेंट ने दर्शकों को खुश कर दिया है. फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस करते ही दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में अपने रिएक्शन देना शुरू कर दिया. जैसे होम्बले फिल्म्स ने ये ऐलान किया दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में मैसेज की बाढ़ ला दी. एक ने लिखा, ये बहुत लंबा इंतजार है ऋषभ शेट्टी प्लीज इसे प्रीपोन कर दीजिए. एक ने लिखा, जल्दी सिनेमाघरों में आओ और फिर से कमाई के रिकॉर्ड तोड़ो. एक ने कमेंट किया, फाइनली, रिलीज डेट, लेकिन ये बहुत लंबा इंतजार है

# प्यार और नफरत की कहानी ठुकरा के मेरा प्यार, वेब सीरीज का ट्रेलर हुआ रिलीज



अब तक कई वेब सीरीज आई हैं, जिनमें अलग-अलग किस्म की प्रेम कहानी दिखाई गईं। जल्द ही एक और प्रेम कहानी जिसमें नफरत भी शामिल है, दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस वेब सीरीज का प्रीमियर 22 नवंबर 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। ट्रेलर की शुरुआत में छोटे शहर की एक प्रेम कहानी की झलक मिलती है। जिसमें लड़की ही लड़के को पसंद करती हुई नजर आती है और उससे अपने प्यार का इजहार करती है। लड़का सामान्य घर से है, तो वह लड़की के प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता। लड़की उसका पीछा नहीं छोड़ती और बार-बार प्रेम स्वीकार करने को कहती है। अचानक इस प्रेम कहानी की खबर लड़की के घरवालों को लगती है, जो कि शहर के बड़े और ताकतवर लोग हैं। लड़के को लड़की के परिवार वालों के सामने खड़ा किया जाता है, तो लड़की कोई भी रिश्ता होने से इंकार कर देती है और कहती है यही मेरे पीछे पड़ा था।

# कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 5: सूर्या-बॉबी देओल की पीरियोडिक ड्रामा ने 150 करोड़ का आंकड़ा किया पार



सूर्या और बॉबी देओल की पीरियोडिक ड्रामा कंगुवा इस साल की सबसे चर्चित साउथ फिल्मों में से एक रही है. कई उतार-चढ़ाव के बावजूद फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है. हालांकि शानदार ओपनिंग के बाद शुक्रवार को फिल्म के कमाई में गिरावट देखी गई. लेकिन फिल्म ने अपने पहले रविवार को फिर से दोहरे अंकों में कमाई की है. वहीं, मंडे टेस्ट में फिल्म फेल रही. जी हां, पहले सोमवार को, पीरियोडिक ड्रामा ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में बड़ी गिरावट देखी गई है.

सैकनिल्क के अनुसार, कंगुवा ने ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रुपए कमाए. दूसरे दिन, फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई. फिल्म ने शुक्रवार को -60.42 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 9.5 करोड़ रुपए जमा किए. तीसरे दिन, इसने 3.68 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 9.85 करोड़ रुपए कमाए. जबकि चौथे दिन, यानी अपने पहले रविवार को फिल्म ने 4.06 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 10.25 करोड़ रुपए कमाए. चार दिनों के बाद भारत में फिल्म का टोटल कलेक्शन 53.6 करोड़ रुपए हो गए.

वीकेंड के बाद फिल्म मंडे टेस्ट के लिए सिनेमाघरों में उतरी. इस टेस्ट में सूर्या की फिल्म असफल रही. 5वें दिन, कंगुवा ने 3.15 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ भारत में इसका कुल कलेक्शन 56.75 करोड़ रुपये हो गया है.

कंगुवा को दुनियाभर के लगभग 6000 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है. इसने लगभग 178 करोड़ रुपये का टोटल प्री-रिलीज का बिजनेस किया है. फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 127 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था. वहीं, चौथे दिन फिल्म ने 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

## खेल

# ऑस्ट्रेलिया-भारत की प्रतिद्वंद्विता ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड से बहुत पीछे नहीं :पोंटिंग



पर्थ । पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच प्रतिद्वंद्विता की तुलना एशेज से की है, उन्होंने कहा कि ये दो सीरीज विश्व क्रिकेट की वो लड़ाई है जिसे देखने के लिए हर कोई उत्सुक रहता है। एशेज 142 साल से चली आ रही है, जिसके तहत 345 टेस्ट मैच खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 142 मैच जीते हैं, जबकि इंग्लैंड ने 110 मैच जीते हैं। दूसरी ओर, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1996/97 में शुरू हुई थी, जिसमें भारत ने 24 मैच जीते थे और ऑस्ट्रेलिया 20 मौकों पर विजयी हुआ था।

बीजीटी 2024-25

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड, एशेज के इतिहास के साथ, लेकिन ऑस्ट्रेलिया-भारत उससे बहुत पीछे नहीं है और यह लंबे समय से बना हुआ है। मुझे लगता है कि हम सभी इस तरह की लड़ाइयों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। एक पूर्व खिलाड़ी और एक कमेंटेटर के तौर पर मैं चाहता हूं कि ये दोनों टीमें मैदान पर उतरें और कड़ी मेहनत और निष्पक्षता से खेलें और फिर देखें कि अगले पांच मैचों के बाद कौन टिक पाता है। भारत ने 2016/17 से पिछले चार मौकों पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती है - दोनों घरेलू और विदेशी परिस्थितियों में। अपने-अपने देशों के पहले दो




बल्लेबाजों - एलन बॉर्डर और सुनील गावस्कर के नाम पर बनी यह ट्रॉफी 22 नवंबर को पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट मैच में फिर से जीतने के लिए उपलब्ध होगी। उन्हें उम्मीद है कि आगामी सीरीज में, जिसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में मैच खेले जाएंगे, रोमांचक और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने को मिलेगा। मुझे नहीं पता कि मसाला सही शब्द है या नहीं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि खेल लगभग रोमांचक होगा, अगर आप चाहें तो, जिसमें दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक-दूसरे को एक इंच भी जगह नहीं देना चाहेंगी। उन्होंने कहा, विपक्ष को एक इंच भी मौका नहीं देना चाहते, पूरे पांच टेस्ट मैचों के दौरान एक भी मुकाबला नहीं हारना चाहते। और मुझे लगता है कि विश्व खेल में हमारी इन महान प्रतिद्वंद्विता की खूबसूरती यही है। मैंने पिछले कुछ दिनों में ऑस्ट्रेलिया-भारत के बीच टेस्ट मैच के बारे में बात की है, यह विश्व खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है, न कि केवल क्रिकेट में।

## एक नजर


# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली** । स्टार आलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने भाई क्रुणाल पांड्या की अगुवाई में सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा के लिए खेलते नज़र आएंगे, जो कि 23 नवंबर से शुरू हो रहा है। पिछले साल क्रुणाल की अगुवाई में ही बड़ौदा की टीम सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी टूर्नामेंट के फ़ाइनल तक पहुंची थी, जहां उन्हें मोहाली में पंजाब से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक ने पिछली बार बड़ौदा के लिए 2018-19 में मुंबई के ख़िलाफ़ एक रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेला था, वहीं सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में वह आख़िरी बार जनवरी 2016 में खेले थे। तब हार्दिक का अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं हुआ था। पिछले महीने ही हार्दिक को मुंबई इंडियंस द्वारा रिटेन किया गया था और वह टीम के कप्तान भी बने रहेंगे। वहीं क्रुणाल को लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज़ कर दिया था और वह आईपीएल नीलामी का हिस्सा होंगे। बड़ौदा की टीम फ़िलहाल शानदार फ़ॉर्म में है और रणजी ट्रॉफ़ी के पहले चरण में 27 अंकों के साथ वे अपने ग्रुप में शीर्ष पर हैं। सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा का पहला मैच 23 नवंबर को गुजरात के ख़िलाफ़ है।



# राफेल नडाल ने खेला अपना आखिरी मैच, मुकाबले के बाद भावुक हुआ दिग्गज

**नईदिल्ली** । दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने 19 नवंबर को अपना आखिरी मुकाबला खेला। इस मुकाबले में उन्हें 80वीं रैंकिंग वाले बोटिक वान डी जैडस्चुल्प ने सीधे सेटों में 6-4,6-4 से हरा दिया ।इसके बाद मैच देख रहे 10,000 दर्शकों और नडाल के परिवार ने उनका खड़े होकर अभिवादन किया। ये देख नडाल की आंखों में आंसू आ गए। डेविस कप के मुकाबले में जब राष्ट्रगान हुआ, तब भी नडाल भावुक हो गए थे ।पूरी खबर पर नजर डालते हैं। इस महान टेनिस खिलाड़ी ने पिछले महीने संन्यास का ऐलान किया था। 38 साल के खिलाड़ी की गिनती दुनिया के महानतम टेनिस खिलाड़ियों में होती है ।नडाल (22) से ज्यादा ग्रैंड स्लैम सिर्फ नोवाक जोकोविच (24) ही जीत पाए हैं। नडाल को %लाल बजरी का बादशाह%भी कहा जाता है ।नडाल ने अपने आखिरी मुकाबले के बाद सबका आभार दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा, विश्व में मुझे इतना स्नेह प्राप्त हुआ। मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस करता हूं। नडाल ने आगे कहा, मैं पूरी स्पेनिश टीम को शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। आप सभी ने मुझे डेविस कप खेलने का मौका दिया। मेरे करियर के कई भावनात्मक पल यहां मौजूद लोगों के साथ रहे हैं, हमने साथ मिलकर कई शानदार चीजें हासिल की हैं। कोई भी खिलाड़ी नहीं चाहता कि संन्यास ले, लेकिन शरीर की वजह से खेलना मुश्किल होता है। मैंने अपने शौक को अपने करियर में बदला।



# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: पहले टेस्ट में खेलेंगे रविचंद्रन अश्विन?



**नईदिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा ।ऐसी उम्मीद है कि इस मैदान पर भारतीय टीम सिर्फ एक स्पिन विकल्प के साथ उतरेगी। इस बीच खबर है कि रविचंद्रन अश्विन को पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा। ऐसे में रविंद्र जडेजा पर्थ टेस्ट में बेंच पर नजर आ सकते हैं ।आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी के रूप में 3 बाएं हाथ के बल्लेबाज मौजूद हैं ।इस दिग्गज भारतीय स्पिनर का बाएं हाथ के बल्लेबाज के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन रहा है और इसको ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन उनको मौका देने के पक्ष में हैं ।अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 19.68 की औसत से 268 विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए हैं।

**कई खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नितीश कुमार रेड्डी अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले हैं। वह बतौर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर खेलते हुए नजर आएंगे ।उन्होंने अब तक 23 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 21.05 की औसत के साथ 779 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं ।दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 26.98 की औसत के साथ 56 विकेट अपने नाम किए हैं।

# विराट कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं : रिकी पोंटिंग



**पर्थ** । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है। हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा, मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था।

# 'अहिल्याबाई होल्कर ने भारत के पुनरुद्धार में निभाई उल्लेखनीय भूमिका'

## अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मजयंती समारोह में इतिहासकारों ने बताए कई महत्वपूर्ण किस्सें

भास्कर दूत




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की शिक्षाधानी भिलाई में मंगलवार को अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती मनाई गई। अहिल्या बाई होल्कर से लेकर उनके जीवन के तमाम संघर्षों से लेकर देश हित और राष्ट्र हित में उनके महत्वपूर्ण योगदानों का स्मरण किया गया।

सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग, आईक्यूएसी और पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभागार में इस दौरान अहिल्याबाई होल्कर के संघर्षों को रेखांकित किया गया।

सबसे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने अतिथियों और मुख्य वक्ताओं का विस्तार से परिचय दिया। प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर मालवा की रानी और भारत के मंदिरों की रानी के नाम से भी पहचानी जाती है। होलकर वंश के संस्थापक मल्हार राव होलकर के पुत्र खांडेराव से उनका विवाह हुआ था। खांडेराव की असामयिक मृत्यु के बाद अहिल्या बाई ने शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने अपनी राजधानी महेशर में स्थापित की। रानी अहिल्या बाई एक धार्मिक और बड़ी दार्शनिक स्वभाव की थी। प्रजा की भ?लाई के लिए सर्वोच्च त्याग करने के कारण ही उन्हें श्लोक माता की उपाधि मिली। उन्होंने महेश्वर घाट, काशी में मणिकर्णिका घाट, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार और वाराणसी से कलकत्ता तक सड़क का निर्माण करवाया। समाज में संस्कृति को सहेजने उन्होंने जो कदम उठाए वे आज भी मातृ शक्ति के लिए अनुकरणीय हैं। डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि डॉ.दीक्षित के नेतृत्व में ही एक बीज रूपी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय आज विशालकाय वृक्ष बन चुका है। उन्होंने वक्ता और अतिथि देशदीपक सिंह का भी विस्तार से परिचय दिया। इस दौरान हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति और पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एन.पी.दीक्षित ने अहिल्याबाई होल्कर के बचपन से लेकर उनके जीवन के अनेक संघर्षों को रेखांकित किया। डॉ.दीक्षित ने कई किस्सों के माध्यम से उनकी बलिदानी, राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति विचारों और उनके विकासोन्मुखी कदमों पर प्रकाश डाला गया।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अध्ययन केन्द्र के छत्तीसगढ़ प्रांत सचिव और विचारक देशदीपक सिंह ने कहा कि हमारी ऐतिहासिक पृष्ठों से राष्ट्र की महान विभूतियों को दरकिनार कर दिया गया। शालेय पाठ्यक्रमों से षड्यंत्रपूर्वक देश विरोधी तत्वों का बखान किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों द्वारा शुरू से ही हिन्दुओं को जाति विरोधी धर्म की कसौटी पर रखने का प्रयास किया जाता है। लेकिन अहिल्या बाई होल्कर का सत्ता में बैठना जाति विरोध की बातों को सिरे से खारिज करता है।

कार्यक्रम की बागडोर संभाल रही इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक वृंदा जैन और दशरथ वर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ.अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.प्रमोद शंकर शर्मा, डॉ.लखन चौधरी, डॉ.गुणवंत चंद्रौल, डॉ.हरीश कश्यप, डॉ.मयूरपुरी गोस्वामी, डॉ.कविता वर्मा, डॉ.मणि मेखला शुक्ला, डॉ.नीलम शुक्ला, डॉ.नरेश देशमुख, पूजा विश्वकर्मा, शिवानंद चौबे व अन्य प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, एनसीसी और एनएसएस के कैडेट, विभिन्न संकाय, विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी, महाविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मनेंद्रगढ़ में मेकओवर्स बाय मनप्रीत सेलोंन का शुभारंभ

भास्कर दूत





**मनेन्द्रगढ।** नगर की बेटी मनप्रीत कौर द्वारा विशेषकर महिलाओं के लिए एक बेहतरीन फीमेल सेलोंन का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया ।

जिसका उद्धाटन मनेंद्रगढ़ की प्रथम नागरिक नगरपालिका की सम्मानित अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल जी एवं मनप्रीत बिटिया की माता जी के द्वारा किया गया , साथ ही मेघना सिदार जी लायंस , लीनेस क्लब के मेंबर्स एवं मनेंद्रगढ़ सहर की बहुत ही सम्मानीय महिलाओं के साथ संपन्न हुआ ,इस अवसर पर बिटिया को अपना आशीर्वाद देने पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले जी, बहुत ही सम्मानीय श्री संजय अग्रवाल जी , श्री अंचल रजवाड़े जी जैसे कई प्रतिष्ठित नागरिक दूर दराज से अपना आशीर्वाद देने पोहोचे । आपको बता दें की मनप्रीत बिटिया ने अपने सहर वसीयो को विशेषकर महिलाओं को एक अच्छा स्थान देने के लिए दिल्ली सहर से अपनी जॉब रिजाइन देकर मनेंद्रगढ़ में आकर इस सेलोंन का शुभारंभ किया । मनप्रीत बिटिया ने पहले दिल्ली सहर में रहकर मेकअप , ब्यूटी वर्क , नेल आर्ट एवं मनेंद्रगढ़ की महिलाओं को सारी सुख सुविधायें देने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से अपना कोर्स कम्पलीट किया जिसके लिये सभी ने उन्हें ढेर सारा आशीर्वाद और बधाई दिया और उनके हुनर जज़्बा और सेलोंन की खूब तारीफ़ की ।

# तोमन साहू राज्य प्रबंध समिति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पद पर निर्वाचित

भास्कर दूत




**बालोद।** जनपंद पंचायत सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बालोद के लिए विभिन्न पदों पर निर्वाचन हुआ एस डी एम प्रतिमा ठाकरे निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निर्वाचन कराया गया निर्वाचन हेतु सभापति के लिए डॉक्टर प्रदीप जैन सह सभपति के लिए कमला वर्मा कोषाध्यक्ष के लिए रूपनारायण देशमुख निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुए राज्य प्रतिनिधि के लिए तोमन साहू एवं सौरभ लुनिया के मध्य मतदान कराया गया जिसमें तोमन साहू को 17 एवं सौरव लूनिया को 12 वोट प्राप्त हुए इस प्रकार तोमन साहू 05 वोट से राज्य प्रतिनिधि के लिए निर्वाचित हुए सभी को निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों को चुनाव उपरांत निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिमा ठाकरे द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर इंडियन रेड क्रास सोसायटी जिला शाखा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों में डाक्टर ए व्ही महेश्वर मोहन भाई पटेल बृजेश पांडे राकेश यादव ओमप्रकाश टुवानी आसवानी यादव शशिकला देशमुख शरद ठाकुर दिनेश तापरिया महेश पांड्ये प्रेमचंद क्षीरसागर डॉक्टर किशोर साहू किशोर कराड़े अकबर तिगाला राकेश द्विवेदी रवि पांडे कमलेश सोनी एनुका सर्वा अंचल प्रकाश साहू असवान बारले मोना टुवानी राधा कौशिक कदमनी यादव यादव के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री सूर्यवंशी सर एवं तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा जिला संगठन रेड क्रॉस चंद्रा शेखर पवार मनमोहन धाकड़ सौरभ शर्मा की उपस्थिति रही।

# नागरिकों की मांग पर लोकेश्वरी ने कराई पेयजल पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

## संजय नगर डौंडीलोहारा के लिए 7 लाख 73000 हजार स्वीकृत

भास्कर दूत



**बालोद।** अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा लोकेश्वरी गोपी साहू के प्रयास व मेहनत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे की तत्परता से संजय नगर डौंडीलोहारा के लिए पेयजल पाइपलाइन विस्तारीकरण के लिए 7 लाख 73 हजार रुपए की राशि 15 वें वित्त मद से स्वीकृत कराई गई है। लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा ने संजय नगर के नागरिकों को बताते हुए कहा कि आप लोगों की मांगों के अनुरूप हमने आप लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य हेतु संजय नगर डौंडीलोहारा के विभिन्न स्थानों के लिए 7 लाख 73,000 की स्वीकृत कराई है। जिसमें वार्ड क्रमांक 12 आंगनवाड़ी भवन से राजेश यादव घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य राशि राशि 0.861 लाख , वार्ड क्रमांक 12 बालक हायर सेकेंडरी स्कूल से तहसील कार्यालय सार्वजनिक शौचालय तक तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य राशि 1.578 लाख, वार्ड क्रमांक 12 शिव सिंन्हा घर से नगर पंचायत एसटीपी प्लांट तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य 1.578 लाख , शिक्षक प्रेम सिंह रात्रे घर से स्वामी आत्मानंद स्कूल तक पाइपलाइन मिस्त्री करणकारी राशि 1.578 लाख, वार्ड क्रमांक 12 अभियोजन कक्षा से मनोहर साहू और नरेंद्र कुमार सिंन्हा घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य राशि 2.14 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसका लोकेश्वरी साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे और सब इंजीनियर को नगरी निकाय चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र निविदा जारी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समय रहते मूलभूत सुविधा पेयजल के लिए पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य कर कर आम नागरिकों को आसानी से पेयजल उपलब्ध कराई जा सके।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर का होगा उन्नयन

## 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन के लिए मिली 12 करोड़ रूपए की स्वीकृति

भास्कर दूत



**मनेंद्रगढ़** / छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। नव गठित जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन कार्य के लिए 12 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीजीएमएससी लिमिटेड को पत्र लिखकर अवगत भी करा दिया है। 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। यहां के लोगों को अब इलाज के लिए जिला मुख्यालय या संभाग मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन करने पर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालोद कॉलेज की छात्रा धारिणी साहू ऑल इंडिया ईस्ट जोन के लिए चयनित



**बालोद।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता शासकीय कन्या महाविद्यालय कोरबा छत्तीसगढ़ में 18-19 नवम्बर 2024 में आयोजित की गई। इसमें दुर्ग सेक्टर विजेता रही एवं उपविजेता रायपुर सेक्टर रही। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शासकीय घनश्याम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की छात्रा धारिणी साहू ऑल इंडिया ईस्ट जोन के लिए चयनित हुई। खिलाड़ी ने इसका पूरा श्रेय क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो सर को दिया। कहा कि उनके हार्ड वर्क व मार्दर्शन से ही मैं इस मुकाम तक पहुंच पाई। प्राचार्य जे.के खलखो एवं सभी प्राध्यापकों ने खिलाड़ी को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना एवं बधाईयाँ दीं।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित



**बालोद।** जिला कबड्डी संघ बालोद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा स्कूल मैदान में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालक/ बालिका शामिल हुए। कबड्डी के इस खेल को पूरी तैयारी के साथ शासकीय स्कूल मैदान में कबड्डी संघ के जिलाध्यक्ष नामदेव साहू एवं पूरी टीम ने सुबह और शाम कड़ी मेहनत की जिसके पश्चात 21 नवंबर को 12 बालिका एवं 12 बालक एवं कोच मैनेजर बालोद से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। जूनियर वर्ग से चयनित बालक बालिका 22 नवंबर से 24 नवंबर तक कबीरधाम में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिसमें जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष नामदेव साहू एवं सचिव लोकनाथ निषाद एवं महेंद्र दिल्लीवार, हिरेंद्र साव, राजेंद्र साहू, प्रदीप नाग, लक्ष्मण देवांगन, शिव कलिहारी, हूलेश्वर देशमुख, मंसाराम, पुष्पकांत, ज्ञानिक, दिलेश्वर, लोकेश, बालेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### इंदिरा की जयंती पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे बेसहारा बुर्जुर्ग पिता माता के पास



**बालोद।** आयरन लेडी देश की प्रथम महिला प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी जी की जयंती पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकडे एवं उनके पदाधिकारियों ने बालोद स्थित वृद्धा आश्रम पहुँच कर उनका दुःख दर्द बाटा एवं इस अवसर पर महिलाओं को नए कपड़े और पुरुषों, बुजुर्गों को कंबल देकर ये भरोसा दिलाया की युवा कांग्रेस सदैव उनके सुख दुःख में खड़ी है। आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गाँधी जी की जयंती पर आयोजित इस सम्मान समारोह में जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष दीपक शानू पाल, फरहान खान, गोलू सुनील, सतीश , योगेश अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्सर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा।

### आज आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा के चौथे दिन भी बलौदाबाजार जिले के 1000 अभ्यर्थी को ही बुलाया गया था,जिसमें लगभग 404 अभ्यर्थी हुए शामिल

# 348 अभ्यर्थियों का हुआ शारिरिक दक्षता परीक्षा

भास्कर दूत



**धमतरी।** 404 अभ्यर्थियों की दस्तावेजों की जांच एवं की गई नापजोख जिसमें 56 अभ्यर्थी अपात्र हुए जिसमें 348 अभ्यर्थियों का हुआ शारिरिक दक्षता परीक्षा भर्ती प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी ना इसके लिए चीप सिस्टम,सीसीटीवी सहित पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा लगातार की जा रही है मानिटरिंग

पुलिस आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा प्रक्रिया का आज चौथे दिन पुलिस लाईन रूद्री में पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री आंजनेय वार्ष्णेय एवं भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में बलौदाबाजार जिले के 1000 अभ्यर्थियों को बुलवाया गया था।जिसमें लगभग 404 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिनके दस्तावेजों की छानबीन परिक्षण किया गया एवं नाप जोक किया गया जिसमें 56 अभ्यर्थी अपात्र पाये गए। 348 अभ्यर्थी ही पात्र पाये गये जिसका 100 मीटर दौड़,800 मीटर दौड़,गोला फेंक,लंबी कूद,ऊची कूद सहित शारिरिक दक्षता का परीक्षा लिया गया है। कुछ अपात्र एवं कुछ अभ्यर्थी के दस्तावेज में खामी पाये गए हैं,उन अभ्यर्थियों द्वारा दावा आपत्ति (अपील) की जा रही है जिसका पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं भर्ती कमेटी द्वारा लगातार निराकरण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभ्यर्थियों से लगातार ये अपील की जा रही है :-

(01)- उपरोक्त भर्ती पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है।

(02) छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल भर्ती में पूर्णतः पारदर्शिता बरती जावेगी आप किसी के भी झांसे में न आवें।

(03) यदि कोई अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती हेतु पैसा देते है एवं भर्ती कराने के लिए कोई पैसा लेते है, तो दोनों के उपर कानूनी कार्यवाही की जावेगी और उस अभ्यर्थी को पुलिस भर्ती की प्रक्रिया से अलग किया जावेगा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में तीसरे वार्षिकोत्सव का शानदार हुआ आयोजन

भास्कर दूत






**मनेन्द्रगढ।** मनेंद्रगढ़ के मानक शिक्षा केंद्र दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के तीसरे वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथि चंद्रमोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी, मनेंद्रगढ़ की नगर पालिका अध्यक्षा प्रभा पटेल, विद्यालय के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह निदेशक व्यंकटेश सिंह, निदेशिका पूनम सिंह एवं प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी की उपस्थिति में श्री गणेश एवं माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके साथ ही कक्षा तीसरी के छात्र- छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया, तत्पश्चात प्री प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में अपने नृत्य की प्रस्तुति दी, इसी श्रृंखला में आगे बढ़ते हुए कार्यक्रम के विशेष अतिथि चंद्र मोहन सिंह ने विद्यालय को दिए गए अपने संदेश में कहा कि आज इस विद्यालय के वार्षिक उत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है यह अवसर न केवल स्कूल की उपलब्धियां मनाने का है बल्कि उस मूल्य और परिश्रम को पहचानने का है जो संस्था को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ने जिले के छात्र छात्राओं को एक मजबूत आधार अपने उच्च कोटि के प्रदर्शन से प्रदान किया है। यह आपकी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है कि हर विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने बताया की यह दूसरा अवसर है जब वह विद्यालय के किसी अवसर पर शामिल हुए हैं। श्री सिंह ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से कहा कि आप इस विद्यालय की असली पूंजी है आपकी प्रतिभा ऊर्जा और निष्ठा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है। शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी आपके जीवन को संवारते हैं, आपकी प्रतिभा, ऊर्जा और निष्ठा से भी यह विद्यालय गौरवान्वित होता है। इसी क्रम में आगे सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नृत्य, एकांकी, गीत एवं मधुर संगीत धुन के साथ ताल में ताल मिलाते हुए संगीत वाद्य यंत्र बजाते हुए सुमधुर प्रस्तुति दी जो रंगों और जीवंतता से भरा हुआ था, सभी कार्यक्रम के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शनों और दिल को छू लेने वाले पलों से मंच सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जीवंत रंग रूप से सराबोर हों उठा जिसमें भारत की विरासत और विविधता का प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने विशिष्ठ अतिथि श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत का स्वागत किया और विद्यालय परिवार को अपने संदेश में कहा कि ईश्वर हमारे छात्रों ने न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि खेलकूद कला सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की है। प्रिय छात्रों आपसे ही इस विद्यालय की आत्मा है आपकी मेहनत अनुशासन और रचनात्मक हमें हर दिन प्रेरित करती है और हमारे विद्यालय की इस वर्ष की वार्षिकोत्सव थीम उड़ान को चरितार्थ करती है, श्रीमती सिंह ने कहा कि यह मेरा सपना है कि हमारे विद्यालय का हर एक विद्यार्थी अपने जीवन में नई उड़ान से आसमान को छुए और ऐसे सफलता के शिखर पर बैठे और पुनः एक दिन हमारे विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में आकर हम सबको गौरांवित महसूस कराएं। विशिष्ट अतिथि कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से कहा कि आपकी प्रतिभा ऊर्जा और निष्ठा से ही आपका विद्यालय आगे बढ़ता है है।

# बिल न पटाने पर लाइन काटने वाली बिजली कंपनी का विभागों को संरक्षण!

## जिले के सरकारी विभागों में बिजली बिल का करोड़ों रुपए बकाया

भास्कर दूत

**राजनांदगांव।** समय पर बिजली का बिल नहीं पटाने वाले आम उपभोक्ताओं की लाईन काटने वाली बिजली कंपनी का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। हर माह 25 करोड़ की डिमांड वाले नांदगांव संभाग में 20 करोड़ का बिजली बिल विभिन्न सरकारी विभागों पर बकाया है, लेकिन कंपनी है कि न तो बिल की राशि वसूल करने की हिम्मत जुटा पा रही है और न ही लाईन काटी जा रही है। इससे विभागीय अधिकारियों की अकर्मण्यता को आसानी से समझा जा सकता है।

ज्ञात हो कि समय पर नहीं बिल नहीं पटाने पर बिजली कंपनी वाले बड़ी आसानी से आम उपभोक्ता की लाईन काट देते हैं। उन्हें उपभोक्ताओं की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रहता, बल्कि एक ही नियम चलाया जाताहै कि बिल पटाओ या लाइन कटवाओ। उसके बाद चाहे उपभोक्ता को अंधेरे में भले ही रहना पड़ जाए। इसके उलट बिजली कंपनी है कि सरकारी विभागों पर विशेष मेहरबान नजर आती है। शहर सहित जिले में कई ऐसे विभाग हैं, जहां महीनों से बिजली बिल का भुगतान बकाया है, लेकिन मजाल है कि कंपनी वाले उन विभागों की लाईन काटने का साहस दिखा सके। दरअसल इसी दोहरे चरित्र के कारण बिजली कंपनी वालों की कभी किसी से तारीफ किसी ने नहीं सुनी होगी। कभी भी अघोषित बिजली कटौती किए जाने को लेकर आम उपभोक्ताओं में जो आक्रोश बना हुआ है, उसका अंदाजा शायद विभागीय अधिकारियों को नहीं होगा। इतना जरूर है कि राजनीतिक दल वाले कभी-कभी इस तरह के मामलों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते रहते हैं, लेकिन कभी किसी भी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को ज्यादा बिजली बिल आने को लेकर आंदोलन या विरोध प्रदर्शन करते कभी-कभार ही देखा गया होगा। इस बात की गारंटी जरूर है कि बिजली दिनरात 24 घंटे भले ही न मिले, लेकिन बिल तो पूरा-पूरा ही वसूला जाना तय है। यही इस विभाग की तानाशाही का बड़ा उदाहरण है।

### नगर निगम भी 10 करोड़ रूपए का बकायादार

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिर्फ राजनांदगांव विद्युत संभाग में शहर सहित 254 गांव हैं। इन सबको मिलाकर लगभग 25 करोड़ रुपए हर माह बिजली बिल की



मांग होती है। नियम के तहत उपभोक्ताओं को 15 दिनों का समय बिल पटाने के लिए दिया जाना है। फिर भी महीना भर का समय दिया जाता है, लेकिन सरकारी विभागों पर करीब 20 करोड़ 50 लाख का बिजली बिल बकाया है। इनमें से करीब 10 करोड़ 50 लाख रुपए अकेले नगर निगम पर बकाया है। बड़े बकायादारों में ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सात करोड़, अन्य 51 विभागों का मिलाकर लगभग 20 करोड़ 50 लाख रुपए लेना शेष है।

### अक्टूबर के बिजली बिल से उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका

विगत माह अक्टूबर का बिजली बिल नवंबर में हाई-फाई आने से घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के बजट पहले से और गड़बड़ा गए हैं। दिवाली खर्च के कारण लोगों के बजट वैसे ही गड़बड़ चल रहे थे। अब बिजली विभाग ने अतिरिक्त सुरक्षा प्रभार जोड़कर भेज दिया है। हालांकि लाइन कटने के डर से लोग किसी तरह व्यवस्था कर बिल पटा रहे हैं। बताया जाता है कि अक्टूबर के पहले तक जिन उपभोक्ताओं का घरेलू बिजली बिल सात-आठ सौ रूपए तक आता है, उनका बिल इस बार डेढ़ हजार से अधिक तक आया है, जिसके कारण उपभोक्ताओं में कंपनी के खिलाफ रोष देखा जा रहा है। कई लोगों का कहना है कि बिजली विभाग मुख्यमंत्री के अधीन है और महिलाओं को महतारी वंदन के नाम पर जो हर माह एक हजार रूपए दिया जा रहा है, उसी की भरपाई करने के लिए साय सरकार द्वारा उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालकर ज्यादा का बिल भेजा गया है।

### अतिरिक्त सुरक्षा प्रभार के कारण ज्यादा बिल

हालांकि अक्टूबर का जो बढ़ा हुआ बिल अभी आया है, उसके पीछे बिजली कंपनी का अपना अलग ही तर्क है। सीएसपीडीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक प्रतिवर्ष अक्टूबर से सितंबर तक 12 महीना में आए उपभोक्ताओं के मासिक बिल को जोड़कर 12 से भाग दे दिया जाता है। उसमें जो औसत बिल आता है, उसकी दो गुना रकम बिजली कंपनी के पास जमा रहनी चाहिए। यदि ऐसा करने से किसी उपभोक्ता का औसत बिल 1000 आता है तो इतनी ही राशि और जोड़कर 2000 रुपए सुरक्षा निधि के रूप में जमा कराई जाती है। जमा राशि पर कंपनी सामान्य प्रचलन दर के हिसाब से ब्याज भी देती है। यह ब्याज प्रधान कार्यालय तय करता है।

> इस माह भेजे गए बिल में अतिरिक्त सुरक्षा प्रभार जोड़ा गया है, जिसे साल भर में एक बार जोड़ा जाता है। उपभोक्ताओं को 15 दिनों के भीतर बिल की राशि पटाने का नियम है। फिर भी महीना भर समय दिया जाता है। जो इतना समय देने के बाद भी नहीं पटाते, उनकी लाइन काटी जाती है। प्रतिमाह 25 करोड़ रूपए की डिमांड है। इस संभाग में सरकारी विभागों पर लगभग साढ़े 20 करोड़ का बकाया है, जिसमें से करीब साढ़े 10 करोड़ नगर निगम पर ही शेष है।
>
> **– रविंद्र गोस्वामी, ईई नांदगांव संभाग**

# लोकल ट्रेन में हो रही शराब तस्करी

### ट्रेन में लावारिस मिली 60 पाव देशी शराब

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** दुर्ग से डोंगरगढ़ आने वाली एक लोकल ट्रेन में शराब तस्करी का मामला सामने आया है। रेल्वे पुलिस ने इस मामले में ट्रेन के बाथरूम के पास काले रंग की पॉलीथिन के नीचे लावारिस रखी 60 पौवा शराब को जप्त किया है।

जीआरपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू, अपराध गुप्तचर शाखा गोंदिया के सउनि एसएस ढोके एवं मंडल टॉस्क टीम सउनि केके निकोड़े के साथ झारखंड-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रेल्वे के माध्यम से अनाधिकृत गांजा व शराब एवं नगदी आदि की अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए जांच की जा रही थी। उसी दौरान गाड़ी नंबर 08705 लोकल मेमू को चेकिंग के दौरान राजनांदगांव स्टेशन में करीब 10.38 बजे उक्त गाड़ी के कोच के बाथरूम के पास काले रंग की प्लास्टिक पॉलिथीन को रखा हुआ पाया गया। इस संबंध में आसपास के यात्रियों से पतासाजी की गई, किन्तु कोई मालिक नहीं होने पर सुरक्षा नियमों का पालन करते उक्त पॉलिथीन को खोलकर देखा गया तो उसके अंदर 90 एमएल की सेवन स्टार पंच देशी शराब की 52 सीसी कीमती 1820 रुपए एवं 90 एमएल डिंगडौंग देशी शराब की 6 सीसी कीमत 180 रुपए उक्त शराब की कुल कीमत 2000 रुपए पाई गई।ट्रेन में गहनता से खोजबीन की गई, किन्तु उक्त देशी शराब के मालिक के संबंध कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। उसे उतारकर रेसुब पोस्ट राजनांदगांव लाया गया। उक्त लावारिस देशी शराब की सीसी को क्षेत्राधिकार के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई के लिए रेल पुलिस चौकी राजनांदगांव को उचित कानूनी कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया, जहां अज्ञात के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

# आखिरी सांस ले रहे निगम द्वारा रोपे गए पौधे

## खाद पानी देने में कंजूसी, एक ही टैंकर से सिंचाई

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** सुग्घर शहर-हरियर छत्तीसगढ़ का निगम का नारा सिर्फ नारा रह गया है। धरातल पर गंभीरता से अमल नहीं किया जा रहा है। लाखों रूपए खर्च कर रोपे गए पौधे खाद-पानी की कमी से मुरझाने लगे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में तो बरसात बीतने के बाद से अब तक एक भी बार पानी नहीं देने से पौधे सूखने लगे हैं। निगम के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं कह रहे हैं कि रोपे गए पौधों को सिर्फ एक हफ्ता पहले से ही पानी देना शुरू किया गया है और एक ही टैंकर से सिंचाई की जा रही है। सिंचाई के लिए कई क्षेत्र शेष हैं। शीघ्रता से सिंचाई हो इसके लिए और टैंकर लगाए जाने की आवश्यकता है। ऐसे में समझा जा सकता है कि निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर्यावरण संरक्षण को लेकर कितने सजग हैं?

उल्लेखनीय है कि शहर में वृक्षारोपण पर प्रायः हर साल लाखों



रुपए खर्च किया जाता है, लेकिन उस हिसाब से नतीजा अच्छा नहीं रहता। पौधारोपण के कुछ ही दिन बाद कितने ही पौधे रखरखाव के अभाव में गायब हो जाते हैं। शेष पौधों के रखरखाव में भी कंजूसी की जाती है। उन्हें नियमित रूप से खाद-पानी नहीं दिया जा रहा है। कितने ही पौधे ट्री-गार्ड नहीं होने से मवेशियों द्वारा चर दिए गए हैं, जिससे उन पौधों के भी बचने में संदेह बना हुआ है।

इस संबंध में नगर निगम के वृक्षारोपण सह प्रभारी दिलीप गिरीगोस्वामी ने बताया कि सप्ताह भर पहले शहर के रोपे गए पेड़-पौधों को पानी देना शुरू किया गया है। 1500 लीटर क्षमता का एक टैंकर लगा हुआ है। बूढ़ासागर से पानी लेकर प्रतिदिन 15-16 फेरे लगाकर पौधों की सिंचाई की जा रही है। अभी तक रेलवे स्टेशन रोड, नगर निगम के सामने के मार्ग विभाजक, नेहरू नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, रामकृष्ण नगर, भदौरिया चौक आदि के डिवाइडर के पौधों को सींचा जा चुका है। आने वाले दिनों में महामाया चौक, इंदिरा नगर, नंदई चौक, कुआं चौक, गंज चौक, लखोली नाका, पावर हाउस रोड, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, चौक रॉयल किड्स कान्वेंट रोड, मोतीपुर, शंकरपुर, गोकुल नगर क्षेत्र के डिवाइडर व रोड किनारे रोपे गए पेड़-पौधों की सिंचाई की जाएगी। शीघ्र सिंचाई के लिए टैंकर की कमी बनी हुई है, जिसे किराए के टैंकर लेकर दूर की जाएगी। कुछ दिन पहले अधिकारियों के स्थानांतरण से सिंचाई कार्य में थोड़ा विलंब अवश्य हुआ है।

# सोसायटियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति

### जोशीलमती सोसायटी के अध्यक्ष बने हिरेंद्र साहू



**गैंदाटोला (भास्कर दूत)।** भाजपा मंडल छुरिया के अध्यक्ष अजय पटेल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्विवेदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छुरिया ब्लाक अंतर्गत सहकारी केंद्रीय बैंक गैंदाटोला के अंतर्गत आने वाली समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों/ अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सहकारी समिति जोशीलामती पंजीयन क्रमांक 1089 से हिरेंद्र कुमार साहू निवासी खोराटोला, गहिराभेड़ी समिति पंजीयन क्रमांक 1107 से आलोक मिश्रा निवासी बेलरगोंदी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/ अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने आज हिरेन्द्र कुमार साहू, आलोक मिश्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से चंद्रिका प्रसाद डड़सेना भाजपा जिला उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डायरेक्टर मिथिलेश कुमार दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, किरण वैष्णव जनपद अध्यक्ष छुरिया, भुनेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, जगजीत सिंह भाटिया, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, संजय सिन्हा महामंत्री, खिलेश्वर साहू महामंत्री, राधेश्याम शर्मा जी मीडिया प्रभारी, नैन सिंह पटेल, अशोक मरकाम, हनीफ कुरैशी सरपंच गैदाटोला, गौरव अग्रवाल, मनीष त्रिपाठी, बालमुकुंद कुंजाम सरपंच गर्रापार, घनश्याम साहू सरपंच केशाल, बसंत सिन्हा सरपंच दैहान, मनोज कुमार सरपंच पठानढोड़गी, महेश चंद्रवंशी पूर्व सरपंच पठानढ़ोड़गी, इन्द्रकुमार चन्द्रवंशी सरपंच कोलिहालमती, मनोज साहू, त्रिलोचन साहू, लोकनाथ साहू, कोमल साहू, संतोष चंद्रवंशी, लोमन सिंह, पूरन साहू, मोहित भक्ता, भगवान दास साहू, रामकुमार साहू, यादव राम साहू, चित्रांगन साहू, भूपेंद्र साहू, तामेश्वर पटेल, महेश बंजारे, तुलसी, अनुज राम साहू, अमर साहू, रैनबाई चन्द्रवंशी, आशा साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, सुनील गुप्ता, कुमार साय साहू, विजय भारद्वाज, तीजू राम पडोटी उपसरपंच गर्रापार, धरमू राम, परस कोर्राम, हीरसिंग, चंदूराम, कृष्णा राम, रामदयाल, गणेश राम डहरे, टेमन साहू सहित आसपास के ग्रामीणों ने बधाई दी है।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर संगोष्ठी



*राजनांदगांव (भास्कर दूत)। भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाली, राष्ट्रहित में अपने कठोर निर्णयों के लिए पहचाने जाने वाली पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी स्व. इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर 19 नवंबर को उनके व्यक्तित्व व जीवनी पर शहर कांग्रेस द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर प्रकाश डाला गया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।*

# मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेंपल लेने के नाम पर उगाही?

**डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)।** शहर में लगातार मिलावटी खाद्य सामाग्री की जांच के नाम पर जमकर अवैध उगाही की शिकायतें मिल रही हैं। फूड एंड सेफ्टी खाद विभाग द्वारा दीवाली के पूर्व डोंगरगढ़ के दूध, दही, पनीर, ब्रेड, मक्खन, बेकरी सामान, किराना दुकान खुले एवं पेकिंग सामाग्री की जिला खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही के तहत छोटे-बड़े सैकड़ो दुकान से सैम्पल ले जाकर उन्हे जिला मुख्यालय में बुलाकर जमकर अवैध उगाही शहर में इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर की गई कार्यवाही को अवैध रूप से की गई वसूली को लेकर वर्तमान प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ लोगो में नाराजगी भी बढ़ी है। लोगों का मानना है कि भाजपा की सरकार आने के बाद पहली बार डोंगरगढ़ में जांच के नाम पर की गई वसूली कहीं न कहीं आगामी नगरीय निकाय चुनाव में नुकसान भी पहुंचायेगा। जनचर्चा है कि दीवाली के समय डोंगरगढ़ के छोटे-बड़े दुकानदारों से अधिकारियों-कर्मचारियों की एक टीम वाले जांच के नाम पर हजारों रूपये का सामान भी लिखा-पढ़ी कर ले गये। फिर उन लोगों को नांदगांव कार्यालय बुलाकर उनसे जमकर वसूली भी की गई। छोटे दुकानदारों से 2 से 5 हजार एवं बड़े व्यापारियों से 10 से 20 हजार तक की गई वसूली को लेकर जिला फूड अधिकारियों द्वारा की गई दबावपूर्वक कार्यवाही से व्यापारियों में नाराजगी भी बढ़ी है। कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जांच के लिए सैम्पल उठाना एक प्रशासनिक कार्यवाही अवश्य है किन्तु इसकी आड़ में अधिकारियों ने मनमानी करते हुए अवैध उगाही करना गलत है।

# इंदिरा नगर वार्ड में आज गार्डन का लोकार्पण

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के झूलेलाल वार्ड नंबर 41 स्थित हास्पिटल कालोनी गौरव पथ मार्ग पर राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये लागत से भव्य उद्यान निर्माण कार्य किया गया है।

वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये खर्च कर बनाए गए उद्यान का लोकार्पण समारोह महापौर हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य, हरिनारायण (पप्पू) धकेता अध्यक्ष नगर निगम, किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, मधुकर बंजारी पार्षद, राजेश गुप्ता चंपू पार्षद वार्ड नंबर 41 इंदिरा नगर-झूलेलाल वार्ड की उपस्थिति किया जायेगा। पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने उद्यान लोकार्पण समारोह में वार्डवासियों से उपास्थित होने की अपील की है।

# खैरागढ़ से अपहृत लड़की मुंबई में मिली

## अकरजन निवासी आरोपी युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खैरागढ़ (भास्कर दूत)। पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल के निर्देशन में अपरेशन मुस्कान ÷ के तहत नाबालिग बालिका को मुंबई से बरामद करने में सफलता मिली है। बालिका को भगा लेजाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी हर्षमणी डेहरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने गत नौ नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि सात नवंबर की सुबह 10.30 बजे उसकी नाबालिक लड़की उम्र 17 वर्ष 07 माह घर से सहेली के घर जा रही हूं, कहकर निकली है, जो घर वापस नहीं आयी है। संदेह है कि लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 462/2024 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में एएसपी नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी लालचंद मोहले द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए बालिका को शीघ्र बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया। इसके पालन में बालिका एव अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी।



उस दौरान मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को मुंबई से हर्षमणी डेहरिया के कब्जे से बरामद किया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से बयान कराया गया, जिस पर उसने आरोपी हर्षमणी डेहरिया द्वारा शादी करने का झांसा देकर, भगा ले जाकर दुष्कर्म करने की बात कही। पुष्टि होने पर मामले में धारा 96, 64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गयी। विवेचना के दौरान आरोपी हर्षमणी डेहरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी हर्षमणी डेहरिया पिता भोलादास डेहरिया उम्र 20 वर्ष निवासी अकरजन थाना खैरागढ़ के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने पर आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक बिलकिश बेगम, सउनि पुरषोत्तम निर्मलकर, प्रधान आरक्षक शिवलाल वर्मा, आरक्षक चन्द्रविजय सिंह, आरक्षक प्रीतम ठाकुर, महिला आरक्षक तामेश्वरी जोशी एवं आरक्षक जयपाल कैवर्त्य, आरक्षक सत्यनारायण साहू सायबर सेल केसीजी की भूमिका रही।

**पाठक सूचना**

**भास्कर दूत**

राजनांदगांव जिले में समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो अथवा भास्कर दूत की प्रतियों, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें–

75878-52022
87700-45100

**प्रिसिशन इंजी वर्क्स**

स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव

मो. 9406011669

# हत्यारों का गढ़ बना राजधानी रायपुर दो दिनों में 4 की हत्या

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर इन दिनों हो रही हत्या की वारदातों से थर्रा उठी है। महज दो दिनों में अब तक 3 लोगों का मर्डर कर दिया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को इंडोर स्टेडियम के पीछे गेट के नाले के अंदर संदिग्ध अवस्था में एक अधेड़ की लाश मिली है।

लाश मिलने से आस- पास के इलाके में सनसनी फैल गई है। प्रथम दृष्ट्या यह हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर एसपी, दो थानों के टीआई समेत भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। कोतवाली थाना क्षेत्र का है मामला।



## युवक ने की दोस्त की हत्या

उल्लेखनीय है कि, पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आपसी विवाद के बाद युवक ने अपने ही साथी की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद वह अपने दोस्त के लाश के पास ही बैठा रहा। मिली जानकारी के अनुसार, विनायक सिटी में मजदूरी करने वाले संतोष कुमार और नोहर मानिकपुरी साथ में ही रहते थे। मंगलवार रात दोनों ने खाना खाने के बाद साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान दोनों के बीच पैसों को लेकर बहस हो गई। इस दौरान संतोष ने नोहर पर तंज कसते हुए कहा कि कमाई के कुछ पैसे घर भी भेज दिया कर ये बात नोहर को चुभ गई। इसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। इस बीच नोहर ने संतोष पर पास ही पड़े फावड़े से सिर पर कई वार कर दिए।

*नोहर के जोरदार वार से संतोष का सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शोरगुल सुनकर जब आस-पास के मजदूर मौके पर पहुंचे तो नोहर अपने साथी के शव के पास ही बैठा हुआ था। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस की टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।*

# रायपुर में ईडी ने गौरव मेहता के ठिकानों पर मारा छाप, क्रिप्टो करेंसी का मामला

भास्कर दूत

रायपुर। राजधानी रायपुर में ED की बड़ी कार्रवाई चल रही है। क्रिप्टो करेंसी मामले में ईडी ने गौरव मेहता के ठिकानों पर दबिश देते हुए छापामार कार्रवाई की है। पूरा मामला बिटकाइन से जुड़ा हुआ है। इस मामले में गौरव का नाम सामने आने के बाद ईडी एक्शन मोड पर है।



गौरव मेहता एक कंसल्टेंसी के लिए काम करता है। यह कंसल्टेंसी महाराष्ट्र की पुणे पुलिस को अमित भारद्वाज के 6600 करोड़ के क्रिप्टो करेंसी घोटाले की चल रही जांच में मदद कर रही थी। मंगलवार को पूर्व आईएएस रविंद्रनाथ पाटिल ने दावा किया था कि गौरव मेहता से सुप्रिया सुले और नाना पटोले ने संपर्क किया था। महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव में उपयोग के लिए बिटकाइन नकद की मांग की थी।

## PMLA के तहत हो रही कार्रवाई

ईडी ने राजधानी रायपुर स्थित मेहता के ठिकानों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापामार कार्रवाई की है। जो अब भी जारी है।

इसे लेकर महाराष्ट्र की राजनीति भी गरमाई हुई है। राजधानी से लेकर समूचे छत्तीसगढ़ में भी ईडी की इस कार्रवाई की चर्चा छिड़ी हुई है।

## भाजपा ने लगाया था आरोप

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने एनसीपी शरद पवार की नेता एवं बारामती लोकसभा सीट से सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस नेता नाना पटोले पर विधानसभा चुनाव में अवैध रूप से बिटकाइन के इस्तेमाल का आरोप लगाया था। भाजपा के नेताओं ने आरोपों की पुष्टि के लिए आडियो रिर्काडिंग जारी किया था जिसमें सुप्रिया सुलेकी आवाज होने का आरोप लगाया है।

# नूकीले ठूँठ में गिरने से हुई थी हाथी के शावक की मौत

**बोरो परिक्षेत्र के L आफूल का मामला**

भास्कर दूत

रायगढ़। धरमजयगढ़ में मंडल में हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए जहां डीएफओ अभिषेक जोगवत के मार्ग निर्देशन में विभागीय अधिकारियों की टीम लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जाकर मॉनिटरी की जा रही है



और ग्राम वासियों को हाथियों के आवागमन को लेकर जानकारी दी जा रही है। वही बोरो परिक्षेत्र के रूआफूल परिसर में दो दिन पूर्व ही पाए गए नवजात हाथी शावक के मौत के मामले में वन विभाग ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जिसमें अवशेषों की जांच में उसकी मौत से विचरण के दौरान एक नुकीली ठूठ में गिरने से होने का खुलासा हुआ है।

खास बात यह है कि हाथियों का दल विचरण करने के दौरान हाथियों की शावक उनके इर्द-गिर्द एवं इधर-उधर बदमाशियां करते हुए चलते रहते हैं ऐसे ही क्षण में हाथी का शावक किसी नुकीली ठूठ में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई। हालांकि इस मामले में वन विभाग को तत्काल की जानकारी नहीं मिल पाई। यही वजह है कि हाथी शावक की लाश सड़ गल गई थी। जिसका बाद में अवशेष बरामद किया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए धर्मजयगढ़ वन मंडल अधिकारी अभिषेक जोगावत ने जांच टीम गठित की जिसमें हाथी शावक की मौत प्राकृतिक तरीके से एक ठूठ में गिरने से हो गई थी। जिसका खुलासा होने के पश्चात उसके बाकी अवशेषों को अग्रिम जांच भेजने के लिए सुरक्षित रख लिया गया है तथा वन विभाग की टीम ने पूरे विधिविधान तरीके से दाह संस्कार कर दिया गया।

## नही मिला कोई हथियार

इस मामले में खास बात यह है कि वन विभाग की टीम ने डीएफओ अभिषेक जोगावत के खास देखरेख में विभागीय अमला ने मौका ए वारदात के आसपास 100 मीटर व एक किलोमीटर की परिधि में ग्रामीणों के साथ हाथी शावक के मौत की जांच की। जिसमें कहीं भी ऐसा कोई निशान या कोई हथियार बरामद नहीं हुआ। जिसमें उसकी मौत होने या उसके शिकार होने की संभावना हो। मामले में हाथी शावक की सड़ी गली लाश का विलंब से पता चलने के कारण मामले में धरमजयगढ़ उप वनमंडलाधिकारी को अग्रिम जांच के लिए लिखा गया है।

## मॉनिटरी कर ग्रामीणों को कर रहे है जागरूक

इसके अलावा इस पूरे मामले मे धरमजयगढ़ वन मंडल अधिकारी अभिषेक जोगावत हथियो के उत्पात एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वन मंडल के हाथी प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मॉनिटर की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना ना हो और हाथी मानव द्वंद को रोका जा सके।

### क्या कहते है अधिकारी

बोरो परिक्षेत्र के प्रमुख परिसर में नवजात हाथी शावक की मौत एक नोकीले ठूंठ में गिरने से हुई थी। इसमे अग्रिम जांच के लिए अवशेषों को सुरक्षित रख लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

**- अभिषेक जोगावत**
**डीएफओ वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़**

## सार समाचार

### पूर्व जिला संयोजक हिमांशु सिंह ने तहसील कार्यालय साजा में पेयजल व्यवस्था की मांग किए




**साजा (भास्कर दूत)।** जिला बेमेतरा के अंतर्गत साजा तहसील कार्यालय में बहुत ही गंभीर समस्या पेयजल की व्यवस्था को देखते हुए हिमांशु सिंह राजपूत पूर्व जिला संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अनुविभागी अधिकारी साजा को अवगत कराया की प्रत्येक दिन सैकड़ो किसान बहुत दूर-दूर ग्रामीण अंचल से अपनी समस्या लेकर आते हैं साजा का तहसील कार्यालय काफी वर्ष पुराना है इसके पश्चात भी आज दिनांक तक पेयजल की कोई भी व्यवस्था नहीं है जिसे देखते हुए किसान व आम जनता के हित में तहसील कार्यालय में वाटर कूलर लगाने का मांग किया साथ ही यह अनविभागी अधिकारी को अवगत कराया की तहसील कार्यालय में पूर्व दान किया हुआ चार वाटर कूलर नए के नए पड़ा हुआ है जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है जिसे तत्काल व्यवस्थित रूप से तहसील कार्यालय में लगवाया जाय ताकि आम जनता व किसान को पानी की व्यवस्था में कोई तकलीफ उठाना ना पड़े अनुविभागी अधिकारी साजा ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द वाटर कूलर लगाया जाएगा ।

### मुंडा उपार्जन केंद्र में अब तक नहीं हुई धान खरीदी की बोहनी

**बलौदा बाजार कोलिहा।** समर्थन मूल्य में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 14 दिन लेट से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। यानी 1 नवंबर की बजाय 14 नंबर से इस वर्ष धान खरीदी प्रारंभ हुई है। इसके बावजूद कई उपार्जन केंद्रों में अभी तक धान खरीदी की बोहनी ही नहीं हुई है। इसी कड़ी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लवन के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र मुंडा में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी किसान ने ऑनलाइन टोकन नहीं किया है जिसके चलते धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की बोहनी नहीं हो पाई है। मुंडा के धान खरीदी प्रभारी गीता वर्मा समिति प्रबंधक शेखर साहू कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश्वरी श्रीवास ने बताया कि उपार्जन केंद्र मुंडा में मुंडा के अलावा कोलिहा सरवाडीह ढनढनी चिरपोटा खम्हारडीह के कृषक धान बेचने आते है। पिछले वर्ष इन गांवो से 1042 पंजीकृत किसानों ने धान बेचा था। वही इस वर्ष 97 पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ गई है जिसके चलते 1139 पंजीकृत किसान धान बेचेंगे। आगे बताया कि धान खरीदी के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। 37500 नया बरदाना धान खरीदी केंद्र में पहुंच गए हैं वही पीडीएस के 3750 बरदाना भी हैं।






### नेताओं का गजब खेल

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के जिले मनेन्द्रगढ़ में भरतपुर- सोनहत विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रेणुका सिंह के एक विधायक प्रतिनिधि द्वारा अपने मालवाहक (महिंद्रा पिकअप) पर विधायक प्रतिनिधि लिखवाने का मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। यह मामला तब और तूल पकड़ा जब क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस गाड़ी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इसे सार्वजनिक मुद्दा बना दिया।

### मुख्यमंत्री से नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने की मुलाकात, राइस मिलों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**गरियाबंद( भास्कर दूत )** । नगरपालिका अध्यक्ष एंव जिला राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर राइस मिलों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गरियाबंद जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा कि आग्रह है मिलर्स द्वारा किए गए पूर्व में मिलिंग का भुगतान की प्रक्रिया शुरू किया जाए ,नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने साय सरकार को किसान की हितैषी सरकार बताया श्री मेमन ने कहा जब से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी है विकास दुगनी गति से हो रहा है किसानों को लेकर कई योजनाए चलाये जा रहे है और साथ ही किसान भाइयो को 3100 समर्थन मूल्य दिया जा रहा है जिससे सभी किसानों को इनका फायदा भी मिल रहा है



### न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु नव निर्मित आवास का किया गया वर्चुअल लोकार्पण




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा दंतेवाड़ा जिले के पोर्टपोलियो जज अरविंद कुमार वर्मा की उपस्थिति में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु नवनिर्मित आवासीय परिसर जीएडी कॉलोनी बीजापुर का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। उक्त लोकार्पण माननीय मुख्य न्यायाधिपति द्वारा वर्चुअल मोड़ से किया गया। आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारी हेतु एक आवास सहित कर्मचारियों हेतु कुल 23 आवास का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता द्वारा किया गया इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति महोदय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को बेहतर आवास सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और उनका यह दायित्व है कि वे अपने शासकीय आवास को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखे। उन्होनें न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को नये आवास की सुविधा उपलब्ध होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा दिया गया। उन्होनें अपने धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि मुख्य न्यायाधिपति की दूरदर्शी सोच और प्रयास के फलस्वरूप बीजापुर जैसे सुदूर नक्सल प्रभावित जिले में न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध होने जा रहा है इसके लिए उन्होनें मुख्य न्यायाधिपति का आभार व्यक्त किया।

### किन्नर हत्याकांड का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार





**बलौदाबाजार-भाटापारा।** जिले की पुलिस ने किन्नर काजल की हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 48 घंटे के भीतर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दिनांक 18 नवंबर 2024 को ग्राम ढाबाडीह के पास एक बंद पड़े पत्थर खदान में किन्नर काजल का शव मिला था। मृतिका की हत्या धारदार हथियार (चाकू) से की गई थी। शव के पास से डेढ़ लाख रुपये नगद भी मिले थे।

**हत्या की वजह**- पुलिस जांच में सामने आया कि किन्नर मठ की प्रमुख बनने की महत्वाकांक्षा के कारण यह हत्या की गई। मुख्य आरोपी तपस्या किन्नर, जो किन्नर मठ की प्रमुख बनना चाहती थी, ने काजल को अपने रास्ते की सबसे बड़ी बाधा मानते हुए हत्या की साजिश रची।

**साजिश का खुलासा**- तपस्या किन्नर ने 12 लाख रुपये की सुपारी देकर काजल की हत्या करवाई। मृतिका को डेढ़ लाख रुपये नगद देने का लालच देकर घटनास्थल पर बुलाया गया था।

पुलिस की कार्रवाई- घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू 10.50 लाख रुपये नगद एक आर्टिका कार एक मोटरसाइकिल जप्त की है।

गिरफ्तार आरोपी- 1. तपस्या किन्नर उर्फ मोहम्मद इमरान भोईर (36), निवासी जोरा, रायपुर 2. निशा श्रीवास किन्नर (51), निवासी धरमपुरा, रायपुर 3. हिमांशु बंजारे (28), निवासी मंदिरहसौद, रायपुर 4. कुलदीप कुमार कुरील (29), निवासी राजा तालाब, रायपुर 5. अंकुश चौधरी (28), निवासी शिव चौक, रायपुर।

**पुलिस का बयान**- जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा

भास्कर दूत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा एवं राजस्व तथा खेल मंत्री टंकराम वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचकर बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। मंत्रियों के आगमन पर पारंपरिक गौर नृत्य और बीजापुर के सुप्रसिद्ध मद्देड़ बाजा से भव्य स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने गौर मुकुट पहनकर बीजापुर के पारंपरिक नृत्य पर जमकर थिरके, मंत्री द्वारा जिला प्रशासन के विभागीय योजना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जिसमें जिला पंचायत के स्टॉल में आवास दिवस के थीम पर आधारित केक हितग्राहियों के हाथों कटवाया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को उनके नए घर की प्रतीकात्मक चाबी भेंट किया गया। बीजादूतीर कार्नर में स्वयंसेवकों से आवश्यक चर्चा की गई और शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी निभाने पर उनका उत्साहवर्धन किया गया। महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में मंत्रियों एवं अतिथियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं मंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किया गया। वहीं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को सफलता की कहानी का प्रदर्शन बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के स्टॉल पर किया गया जिनका अवलोकन मंत्रियो द्वारा की गई।



**बस्तर अब उड़ान भरना चाहता है, बस्तर के युवा देश दुनिया में अपना पहचान बनाना चाहता है - विजय शर्मा**

**बीजापुर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ एवं भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले का मान बढ़ाया है - खेल मंत्री टंकराम वर्मा**



# घटिया निर्माण कों लेकर बिफ़रे सभापति गोवेंद्र पटेल

**साजा ( भास्कर दूत )।** जिला पंचायत बेमेतरा की सामान्य सभा की बैठक बैठक हुई जिसमें आर.ई.एस विभाग के द्वारा किए गए घटिया निर्माण और अनिमितताओं को लेकर बेमेतरा सभापति गोवेंद्र पटेल ने अपनी नाराजगी स्पष्ट दिखाई और कहा की स्कूल जतन योजना के अन्तर्गत कई स्कूल बिल्डिंग का कार्य अभी चल रहा है जिसमे कई ठेकेदार कांग्रेसी नेता हैं जिनके द्वारा कबाड नुमा छड नवनिर्मित बिल्डिंगों में लगाई जा रही है जो की गंभीर वाक़या है।मामला सेमरिया ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कातलबोड का है जहाँ लगभग 30 लाख की लागत से स्कूल बिल्डिंग बन रहें है जिसका सभापति पटेल के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करने पर घटिया निर्माण का पर्दाफास हुआ ।



जिला पंचायत की सामान्य सभा में संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने का प्रस्ताव भी लिखा गया बैठक में प्रमुख रूप से साजा विधायक श्री ईश्वर साहू जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी सभापति गण अंजू बघेल बिंदिया प्रज्ञा निर्वाणी भुवनेश्वरी वर्मा पुष्पा साहू गोवेद्र पटेल एवं जिले के सभी विभागों के प्रमुख जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com